53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.0°c अधिकतम 24.0 °c

**अमृतवाणी**

जीवन में सबकुछ कॉपी हो सकता है, लेकिन संस्कार, चरित्र और ज्ञान नहीं...।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:52, सूर्यास्त - 6:12 | वर्ष : 53/ अंक : 52 | शनिवार, 22 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, नवमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

दिल्ली चुनाव में कांग्रेस की बदौलत भाजपा सत्ता में आयी : मायावती



अगर नेता का नाम लेना हो तो खड़गे की बदौलत या राहुल की?.........

# मुजफ्फरनगर जेल में अपराधियों को कराया अमृत स्नान

**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)।** जहां एक ओर पूरे देश के 55 करोड़ से भी अधिक लोग प्रयागराज में महाकुम्भ में स्नान कर चुके हैं, वहीं मुजफ्फरनगर जेल के अपराधियों को भी उक्त पुण्य स्नान अमृत स्नान के रूप में मुजफ्फरनगर जेल में ही कराया गया। यूपी के जेल मंत्री दारासिंह चौहान की मंशा के अनुरूप उक्त कार्य को अंजाम दिया गया। जिला कारागार अधीक्षक अभिषेक चौधरी ने बताया कि जेल मंत्री के आदेशानुसार प्रयागराज से मंगवाकर आज पूजा अर्चना के बाद हरेक बैरक में एक-एक घड़ा पवित्र गंगाजल भिजवाया गया, जिसमें सभी कैदियों एवं बंदियों ने प्रसन्नतापूर्वक स्नान किया और अपने को पुण्य का भागी माना। उत्तर प्रदेश सरकार के जेल मंत्री की योजना के अनुसार 21 जनवरी को यूपी की सभी जेलों के लिए यह स्नान कराये जाने की तिथि पहले से ही तय थी। उसी के अनुरूप आज जब जेल में अमृत स्नान हुआ तो कैदियों ने जेल में भी योगी सरकार के जयकारे लगा डाले। पूरी जेल शुक्रवार को पूरी तरह भक्तिमय दिखाई दी। गंगा स्नान करते हुए कैदियों ने हर-हर गंगे, जय मां गंगे का भी उद्घोषणा किया और भावुक हुए बंदियों ने भविष्य में अपराध न करने का भी संकल्प किया। अपराधियों का कहना था कि सरकार ने जेल में कैद बंदियों के लिए भी इतना बड़ा विचार रखा कि हमें भी पवित्र करने की सोची और वास्तव में आज हम सब इस बात से भावुक हो गए कि प्रदेश की कुर्सी पर बैठे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हम जैसे अपराधियों की भी परवाह है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी के साथ जेलर राजेश कुमार सिंह, उपजेलर जयशंकर प्रसाद, हेमराज सिंह, दीपक सिंह और विधि विधान से स्नान कराने वाले ब्राह्मण भी मौजूद रहे।





## किडनी प्रत्यारोपण के नाम पर महिला ने चचेरी बहन से 6.25 लाख रुपये ठगे

**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)।** खालापार थाना क्षेत्र के मौहल्ला योगेन्द्रपुरी निवासी अधिवक्ता इनाम इलाही की पुत्रवधू नसीमा पत्नी सुहैल त्यागी की किडनी खराब हो चुकी है, जिसमें उसका डायलेसिस चल रहा है। आरोप है कि मेरठ के मंगलपांडे नगर गढ़ रोड पर उसका एक रिश्तेदार दानिश एक पैथोलॉजी लैब का संचालक है। मार्च 2024 में दानिश व उसकी सास आशय पत्नी हसरत निवासी किठौर, मेरठ घर पर आए हुए थे। आशय उसकी पुत्रवधू की चचेरी बहन है। आशय ने उसकी पुत्रवधू को अपनी किडनी देने की बात कही, इसके लिए मेरठ के ही रहने वाले डॉक्टर वैभव द्वारा किडनी प्रत्यारोपण का प्लान समझाने का झांसा दिया गया, जिसमें डॉक्टर द्वारा किडनी प्रत्यारोपण के लिए तीस लाख रुपये खर्च बताया गया। आरोप है कि डॉक्टर वैभव महिला आशय, लैब संचालक दानिश, डॉ. जूनियर असिस्टेंट महिला ने गुर्दा प्रत्यारोपण के बारे में बताने के लिए उसके घर पर आए और दस लाख रुपये एडवांस मांगे, जिसमें अधिवक्ता इनाम इलाही ने तीन लाख रुपये उन्हें नकद दे दिये। आरोपी के अनुसार दस अगस्त को उसकी पुत्रवधू को मेरठ बुलाया गया जहां डॉक्टर रोहित कुमार व दानिश के भाई आरिफ ने एक लाख रुपये लेकर पर्चा बनवाया और उसकी पुत्रवधू की जांच कराई। आरोपियों ने पीड़ित से कुल सवा छह लाख रुपये ले लिये। पैसे ले लेने के बाद गुर्दा प्रत्यारोपण में आनाकानी की जाने लगी। जब पीड़िता को न गुर्दा प्रत्यारोपण कराया गया और न ही पैसे वापस किये गए तो खालापार थाने में डॉक्टर आरिफ निवासी गढ़रोड मेरठ, दानिश की सास आशय निवासी किठोर, डॉक्टर वैभव निवासी मेरठ तथा उसकी अज्ञात महिला असिस्टेंट डॉ. रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी।

## डीपीआरओ विभाग के पटल लिपिक पर गाज, सस्पेंड

### लिपिक पर दुर्व्यवहार व ड्यूटी से गुम होने के लगे गंभीर आरोप

**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)।** विकास भवन स्थित जिला पंचायत राज कार्यालय में कार्यरत एक लिपिक को डीपीआरओ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सस्पेंड कर दिया है। रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन न बनवाना, हाजरी लगाकर कार्यालय से गायब रहने और अच्छा व्यवहार न करने जैसे मामलों को लेकर डीपीआरओ ने उक्त लिपिक पर कार्रवाई की है। डीपीआरओ द्वारा सस्पेंड किए जाने से पहले लिपिक को कार्यशैली में सुधार करने के सख्त निर्देश दिए गए, लेकिन लिपिक द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया।

जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में वर्तमान में कार्यरत लिपिक युसुफ विभाग से रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन के साथ सफाई कर्मचारी आदि तीन पटल का कार्य देखते थे। बीते कई दिनों से डीपीआरओ को युसूफ के संबंध में काफी शिकायतें मिल रही थी। लिपिक अधिकांश दिनों में जहां अवकाश पर रहता था। वहीं कार्यालय में हाजरी लगाकर ड्यूटी समय में दो से तीन घंटे तक गायब भी रहता था। वहीं पटल लिपिक रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन भी नहीं बनवाई गई। जिस कारण इस तरह के अधिक मामले लिपिक के खिलाफ होते चले गए। लिपिक पर कार्य दिवस में कार्यालय में आने वाले लोगों के साथ भी व्यवहार खराब होने की शिकायत मिल रही थी। इन मामलों को लेकर डीपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार ने सुधार न होने के चलते कार्रवाई करते हुए लिपिक युसुफ को सस्पेंड कर दिया है। वहीं उनके काम को 3 लिपिकों को बांट दिया गया है।

## वीडियो वायरल होने के बाद रिश्वत लेने वाले दरोगा देवपाल सस्पेंड

**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के सीकरी चौकी पर तैनात दरोगा देवपाल का सोशल मीडिया पर 500 रुपये की रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हुआ। वीडियो की पुष्टि होने के बाद एसएसपी एवं डीआईजी अभिषेक सिंह को दरोगा देवपाल को सस्पेंड करना पड़ा। उक्त पूरी वीडियो 3 मिनट की है, जिसमें पीड़िता और दरोगा के बीच खुलकर बातचीत हो रही है, जिसमें दरोगा पीड़िता से रिपोर्ट लगाने के नाम पर पैसे मांग रहा है। वीडियो में दरोगा देवपाल कोर्ट में मुकदमे की पैरवी करने के लिए कहते हुए पीड़िता से पैसों की मांग कर रहा है और पीड़िता द्वारा उसे पैसे दिये जा रहे हैं। दरोगा देवपाल को सस्पेंड करने के साथ-साथ उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के भी आदेश दिये गए। पीड़िता भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर की निवासी है तथा उसके बेटे के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला कोर्ट में विचाराधीन है।




## उप्र सरकार ने राज्यमंत्री कपिल देव की मांग पर गंगा एक्सप्रेस-वे को मेरठ से हरिद्वार तक विस्तार करने की स्वीकृति प्रदान की

**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)।** सीएम की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में उप्र सरकार द्वारा गंगा एक्सप्रेस-वे को मुजफ्फरनगर से होते हुए हरिद्वार तक विस्तार देने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी। उक्त मांग को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा सीएम के समक्ष रखा गया था। इस महत्वपूर्ण योजना के लिए यूपी के बजट 2025-26 में 50 करोड़ रूपये की अग्रिम धनराशि भी आवंटित की जा चुकी है। उक्त राशि आवंटित होने से

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर किया आभार व्यक्त

सर्वेक्षण व प्रारम्भिक कार्यों को गति मिलती दिखाई देगी। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सीएम के समक्ष यह तथ्य रखते हुए मांग की थी कि गंगा एक्सप्रेस-वे के इस विस्तार से यूपी व उत्तराखंड के बीच बेहतर सड़क सम्पर्क तो स्थापित करेगा ही साथ ही साथ यातायात सुगम होने के चलते व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। चूंकि हरिद्वार धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है, साथ ही साथ पर्यटन स्थल होने के साथ-साथ व्यापार का बड़ा केन्द्र है। ऐसे में इस परियोजना के विस्तार से उत्तराखंड के व्यापारिक केन्द्रों को यूपी के औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़ने में मदद मिलेगी। स्वीकृति प्रदान होने के बाद मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्वयं सीएम से भेंट कर उन्हें बधाई का पात्र बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही साथ शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन भी किया।




## प्रथम पुण्य तिथि



(01 फरवरी 1950 – 22 फरवरी 2024)

### स्व. अमरनाथ अरोरा जी

पिता जीवन है, शक्ति है
पिता सृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति है।
पिता की कमी को कोई बांट नही सकता
और ईश्वर भी उनके आशीषों को काट नहीं सकता।

**आपकी प्रथम पुण्यतिथि पर आप को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि...**

**-: शोकाकुल परिवार :-**

ऊषा अरोरा (धर्मपत्नी)
दीप्ति - अंशुल दीवान, सुरभि - अर्जुन गौड़ा (पुत्री-दामाद)
तृप्ति अरोरा (पुत्री) समर्थ अरोरा (पुत्र)
मिराया दीवान, तविष्का दीवान (धेवती)
मो0 9760908290, 8439414014

## ॐ शान्ति



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय
**स्व0 श्री संजीव अग्रवाल जी (संजू जी) जेपी सीमेंट वाले**
का निधन 12/02/2025 को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

**रस्म तेरहवीं व पगड़ी 23 फरवरी 2025 (रविवार)**

हवन ........................................ प्रातः 8:00 बजे
ब्रह्मभोज.................................. दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी ............................ अपराह्न 2:00 बजे

**स्थान : महाराजा अग्रसेन भवन, निकट A2Z कालोनी, A2Z रोड (मु0नगर)**

**शोकाकुल गर्ग परिवार**

रेनू गर्ग (पत्नी)
सनुज-हर्षा (पुत्र-पुत्रवधू)
गौरव-राशि (पुत्र-पुत्रवधू)
पवन -उमा (भाई -भाभी)
गोपाल -निर्मल (भाई -भाभी)
नीरज -संगीता (भाई -भाभी)
अजय - अमिता (भाई-भाभी )
विजय -विभा (भाई -भाभी)
शालू (भाभी)

अनिल, अमित,हर्षित, नमन,
समीर, कार्तिक, उदित,आर्यन,
विनायक, शिखर (भतीजे)
अव्यान( पौत्र)

**प्रतिष्ठान**
विनायक ट्रेडर्स
अग्रवाल एसोसिएट्स
अग्रवाल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स
अग्रवाल ट्रेडर्स
अग्रवाल शुगर एंड केमिकल्स
अग्रवाल एजेंसीज (चाय वाले )

सम्पर्क सूत्र : 9837354467, 8791193023,9412212832

**कृपया पगडी लेकर ना आयें।**

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 22 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1495-फ्रांस नरेश चार्ल्स आठवें के नेतृत्व में सेना नेपल्स, इटली पहुँची। 1724-स्वीडन और रूस ने आपसी सहायता सम्बन्धी समझौता किया। 1732-अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति वाशिंगटन का जन्म। 1746-फ्रांसीसी सेनाओं ने बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स पर कब्जा किया। 1775-यूरोपीय देश पौलेंड की राजधानी वारसा के बाहरी इलाकों से यहूदियों को निकाला गया। 1784-चीन के साथ व्यापार के लिए अमेरिका का पहला व्यापारिक पोत न्यूयॉर्क से रवाना। 1845-ईस्ट इंडिया कम्पनी ने डच ईस्ट इंडिया कम्पनी से सेरामपोर और बालासोर को खरीदा। 1847-भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी नरसिम्हा रेड्डी का निधन। 1848-लुई फिलिप के शासन की असफलताओं के कारण पेरिस में विद्रोह हुआ। 1878-भारतीय बांग्ला भाषा के कवि, गीतकार, संगीतकार और देशभक्त मुकुन्द दास का जन्म। 1885-भारतीय स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक यतीन्द्र मोहन सेन गुप्त का जन्म। 1907-लंदन में टैक्सी मीटर वाली पहली कैब का संचालन। 1935-व्हाइट हाउस पर हवाई जहाजों की उड़ान को प्रतिबंधित किया गया। 1942-द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान फिलिपीन्स में जनजातियों ने बड़ी संख्या में जापानी सैनिकों का सफाया कर दिया। 1944-महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गाँधी का निधन। 1964-घाना में एकदलीय शासन व्यवस्था लागू हुई। 1966-उगांडा के प्रधानमंत्री मिल्टन ओबेटे ने अपने मंत्रिमंडल के पाँच सहयोगियों की गिरफ़्तारी के आदेश दिए। 1974-पाकिस्तान ने बांग्लादेश को मान्यता प्रदान की। 1975-इथोपिया में सैनिकों के साथ संघर्ष में दो हजार से अधिक छापामार मारे गये। 1979-कैरेबियाई द्वीप सेंट लुसिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की। 1980-अफगानिस्तान ने मार्शल लॉ की घोषणा की। 1989-अमेरिका के राष्ट्रपति जार्ज बुश चीन, जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा के लिए रवाना हुए। 1990-मंगोलिया की राजधानी उलनबटोरा से स्टालिन की अंतिम मूर्ति भी हटा दी गई। 1992-खार्तूम में हजारों शरणार्थियों के घर तोड़ दिये गए।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1335, रसकट ढैया 1250-1265, चाकू 1360-1500, लड्डू 1360-1430, खुरपापाड़ 1310-1325, शक्कर मसाला 1450-1460। आमद- 7000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 88500 | चांदी- | 98000 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 66050 |

## आपका आज का राशिफल

शनिवार, 22 फरवरी, 2025

**मेष-** आज सायं 5/41 बजे तक असफलता, भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, धर्म में अरुचि, यात्रा में हानि, शेष समय में आर्थिक समस्या का निवारण, धनागम भी।

**वृषभ-** आज सायं 5/41 बजे तक समय शुभ, अधूरे कार्यों की पूर्ति, विवाद का निर्णय पक्ष में, यात्रा का प्रसंग, शेष समय में दिनचर्या अव्यवस्थित, स्वास्थ्य शिथिलता।

**मिथुन-** विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, कठिनाइयों के निराकरण हेतु नवप्रयास सार्थक, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद के सुअवसर, विज्ञान में रुचि।

**कर्क-** स्वास्थ्य सुधार पर, मन प्रसन्न, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, घरेलू वातावरण सुखद, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी सद्भाव।

**सिंह-** आज सायं 5/41 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, प्रगति में व्यवधान, यात्रा असफल, कठिनाइयों की निवृत्ति, अकल्पित लाभ, अधूरी योजना कार्यान्वित।

**कन्या-** आज सायं 5/41 बजे तक भाग्योन्नति, आरोग्य सुख, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, शेष समय प्रतिकूल, व्यय की अधिकता, कार्य व्यवसाय में निराशा।

**तुला-** कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर, परोपकार की भावना जागृत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क से मसले हल, बकाए धन की वसूली।

**वृश्चिक-** विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला, आपसी सलाह से कामयाबी, प्रतियोगिता में सफलता, विशिष्टजनों से अनुकूलता, सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता।

**धनु-** आज सायं 5/41 बजे तक ग्रहयोग विपरीत, समस्याओं से मन अशांत, शंका-कुशंका प्रभावी, वाहन से भय, शेष समय में सफलता, अधूरे कार्यों की पूर्ति।

**मकर-** आज सायं 5/41 बजे तक समय शुभ, व्यक्तित्व का विकास, आर्थिक उन्नति, मानसिक प्रसन्नता, शेष समय में साझेदारी के व्यापार में हानि, मित्रों से विरोध।

**कुम्भ-** जटिल समस्या के समाधान में स्वजन सहायक, सहयोगियों की गतिविधियों से खुशी, वाद-विवाद में कमी, धार्मिक स्थलों की यात्रा से आनन्द की अनुभूति।

**मीन-**विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, आश्वासनों से मानसिक राहत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, लाभ का सुयोग।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## हादसों का कहर... उत्तर प्रदेश से गुजरात और बिहार तक हुए भयंकर सड़क हादसों ने तबाह कर दिए कई हंसते-खेलते हुए परिवार

# चार हादसों में 21 लोगों की मौत, महिला का सिर कटकर सड़क पर गिरा

## वाराणसी में खड़े ट्रक में टकराई क्रूजर कार, छह की मौत, दो की हालत गंभीर



**वाराणसी, 21 फरवरी (एजेंसी)।** वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर कर्नाटक की कार का भीषण एक्सीडेंट हुआ, जिसकी वजह से पति-पत्नी समेत 6 लोगों की मौत हो गई। कार में बैठे श्रद्धालु महाकुंभ जा रहे थे। हाईवे पर श्रद्धालुओं की कार खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। यह हादसा शुक्रवार सुबह जीटी रोड पर मिजार्मुराद के पास हुआ। क्रूजर जीप में करीब 11 लोग सवार थे, जो कर्नाटक के रहने वाले थे। कार पर भी कर्नाटक का नंबर था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि जीप की स्पीड काफी तेज थी। इसके साथ ही, आशंका जताई जा रही है कि जीप चलाते समय ड्राइवर को झपकी आ गई, जिसकी वजह से ट्रक से जीप टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ड्राइवर के दूसरी तरफ वाला हिस्सा ट्रक में घुस गया। चीख-पुकार सुनने के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने श्रद्धालुओं को कार से निकालने की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहे। इसके बाद, क्रेन की मदद से ट्रक और जीप को अलग किया गया। क्रूजर जीप को काटकर घायल परिजनों को जीप से बाहर निकाला गया। इस हादसे में ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठी महिला का सिर कटकर सड़क पर गिर गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस का कहना है कि शायद हादसे के समय महिला का सिर खिड़की से बाहर होगा। इस वजह से हादसे के बाद सिर कटकर गिर गया। जब यह हादसा हुआ तो ट्रक ड्राइवर मौजूद नहीं था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे से 2 घंटे पहले ही ट्रक ड्राइवर ने सड़क पर ट्रक को खड़ा कर दिया था। ट्रक ड्राइवर ने नजदीक के एक दुकानदार को बताया कि ट्रक खराब हो गया है और फिर ड्राइवर थोड़ी दूर जाकर सो गया। हालांकि, हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर फरार है। पुलिस ट्रक ड्राइवर की तलाश में जुटी हुई है।

## गाजीपुर में सांसद पप्पू यादव की भांजी सहित 4 श्रद्धालुओं की मौत



**गाजीपुर, 21 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में बिरनो थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें प्रयागराज से महाकुंभ स्नान कर लौट रहे कार सवारों की कार खड़े ट्रेलर से टक्कर हो गई। इस हादसे में दो महिलाओं और दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मृतकों में डॉक्टर सोनी यादव (32) पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव की भांजी बताई जा रही हैं। डॉक्टर सोनी यादव की मां पप्पू यादव की मुंहबोली बहन हैं। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर अपनी शोक संवेदना भी व्यक्त की है। उन्होंने अपनी चचेरी बहन के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस भी बंधाया है।वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाईवे पर बिरनो थाना क्षेत्र के मिजार्पुर के पास शुक्रवार की भोर में भीषण सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज महाकुंभ से पूर्णिया (बिहार) जा रही कार, गिट्टी लदे ट्रेलर में पीछे से घुस गई। इससे कार में सवार कुल पांच लोगों में चार लोग की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने उसे महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज गाजीपुर में भर्ती कराया गया है। मृतकों में डॉ. सोनी यादव (38 वर्ष), उनकी पत्नी डॉ. मुकेश यादव (पूर्णिया, बिहार), गायत्री देवी (50 वर्ष), और विपिन मंडल (37 वर्ष) शामिल हैं।जबकि चालक सलाउद्दीन (40 वर्ष), पुत्र मोहम्मद हातिम गंभीर रूप से घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार, चालक सलाउद्दीन को रास्ते में नींद आने पर गाड़ी चलाने का जिम्मा दीपक झा ने लिया, जो मृतका डॉ. सोनी यादव के नर्सिंग होम में कर्मचारी था। प्रथम दृष्टया, यह हादसा चालक को झपकी आने के कारण हुआ माना जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही कासिमाबाद क्षेत्राधिकारी अनिल चंद्र तिवारी, सदर एसडीएम मनोज कुमार, बिरनो और जंगीपुर पुलिस मौके पर पहुंचे।

## गुजरात में भीषण हादसा, बस-ट्रक की टक्कर में 5 की मौत, 20 घायल

**कच्छ, 21 फरवरी (एजेंसी)।** गुजरात के कच्छ में शुक्रवार को भीषण हादसा हो गया। बस और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत हो जाने से मौके पर ही 5 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हादसा कच्छ के केरा मुंद्रा रोह के समीप हुआ। बताया जाता है कि बस में 40 यात्री सवार थे। भिड़ंत इतनी तेज हुई कि बस के आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में करीब 20 लोग घायल हो गए हैं।

सभी घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में कई की स्थिति गंभीर है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच जाने के साथ ही बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। वहीं हादसे के बाद आसपास के लोग भी काफी संख्या में पहुंच गए। बताया जाता है कि बस मुंद्रा से आ रही थी जबकि ट्रक भुज से आ रहा था। बस और ट्रक के बीच टक्कर इतने तेज हुई कि हादसे के बाद ट्रक सड़क के किनारे पलट गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में, 17 फरवरी को अहमदाबाद में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की जान चली गई थी। गुजरात में दुर्घटनाओं में हाल ही में हुई वृद्धि, विशेष रूप से बसों से संबंधित दुर्घटनाओं ने राज्य के सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर चिंता पैदा कर दी है। आगे इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कड़े नियमों की आवश्यकता पर बल दिया है।

## बिहार में महाकुंभ से लौट रहे पति-पत्नी और पुत्र समेत 6 लोगों की मौत

**पटना, 21 फरवरी (एजेंसी)।** बिहार के भोजपुर जिले के आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हनगंज बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। जहां तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई और उसका एक पहिया 20 फीट दूर जा गिरा। कार में सवार सभी 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और उनके शव अंदर फंसे रह गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से मृतकों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। मृतक परिवार पटना के जक्कनपुर का रहने वाला था और प्रयागराज में महाकुंभ स्नान कर लौट रहा था। परिजनों के अनुसार, सभी लोग गुरुवार को पटना से प्रयागराज गए थे और शुक्रवार सुबह लौटते समय कार चालक को झपकी लगने से यह दर्दनाक हादसा हो गया। मृतकों की पहचान हो गई है। मृतकों में 4 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। पटना के जक्कनपुर स्थित सुदामा कॉलोनी निवासी स्व. विशुन देव प्रसाद के 62 वर्षीय बेटे संजय कुमार, 58 वर्षीय पत्नी करुणा देवी, 25 वर्षीय बेटे लाल बाबू सिंह उनकी भतीजी और कौशलेंद्र कुमार की बेटी प्रियम कुमारी शामिल हैं। साथ ही पटना के कुम्हरार निवासी आनंद सिंह की 28 वर्षीय बेटी आशा किरण, चंद्रभूषण प्रसाद की 25 वर्षीय बेटी जूही रानी शामिल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद इलाके में मातम पसर गया है।

## पटाखे वाली बुलेट को सीज कर चालान काटा

**शाहपुर, 21 फरवरी (बु.)।** थाना पुलिस ने कस्बे व क्षेत्र में पटाखे की आवाज निकालने वाली एक बुलेट मोटरसाइकिल को सीज करते हुए चालान काटा है। थाना पुलिस ने बताया कि पिछले कई दिनों से कस्बे व क्षेत्र के लोग सूचना दे रहे थे कि एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार युवक अपनी बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर से छेड़छाड़ करके उससे पटाखा जैसी आवाज निकालता है, जब वह रास्ते से निकलता है, तभी पटाखे की आवाज के निकलने से राह चलते लोग डर जाते हैं, जिससे दुर्घटना होने का डर बना रहता है। शुक्रवार को पुलिस ने चैकिंग के दौरान गांव पलड़ी जाने वाले रास्ते से पटाखे की आवाज निकालने वाली एक बुलेट मोटरसाइकिल को सीज करते हुए उसका दस हजार रुपये का चालान काटा है।

## पहलवानों की ट्रायल चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाहपुर, 21 फरवरी (बु.)।** कस्बे के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में आयोजित ट्रायल प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के अध्यक्ष सत्येंद्र बालियान ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि कॉलेज में भारतीय खेल प्राधिकरण साई का अधिकृत सैंटर है, जिसमें क्षेत्र व अन्य जनपदों के पहलवान प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे पहलवानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। एकेडमी के कुश्ती कोच प्रवीण कुमार ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित ट्रायल प्रतियोगिता में 12 से 18 वर्ष की आयु के 10 पहलवानों का लखनऊ से आए साई के कोच अशोक कुमार ने चयन किया। चयनित पहलवानों में वंशित कुमार, मौ. शान, नितिन तालियान, आयुष, हिमांशु, आर्यवंश, नैतिक कुमार, शांतनु, शिवा व देव चौधरी है। मांगेराम पहलवान के अलावा विद्यालय के व्यायाम शिक्षक अरुण कुमार सहित सुनील कुमार, योगेंद्र कुमार व ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक पर घायल अवस्था में मिला व्यक्ति

**खतौली, 21 फरवरी (बु.)।** शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसी स्थित पुलिस चौकी क्षेत्र के रेलवे ट्रैक से घायल हालत में एक व्यक्ति पड़ा मिला। नागरिकों की सूचना पर एम्बूलेंस की मदद से घायल को तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां घायल को गंभीर अवस्था में रैफर कर दिया गया। काफी प्रयास के बाद भी घायल की शिनाख्त नहीं हो पाई। बताया जाता है कि घायल व्यक्ति के कपड़ों से रेल यात्रा का सहारनपुर से मुजफ्फरनगर तक का सुपरफास्ट ट्रेन का एक टिकट भी मिला है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**भोपा, 21 फरवरी (बु.)।** जनता इंटर कॉलेज भोपा से सेवानिवृत्त हुए जीवविज्ञान प्रवक्ता गांव रहमतपुर निवासी 82 वर्षीय धर्मवीर सिंह का गुरूवार देर शाम बीमारी के चलते निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को शुकतीर्थ स्थित श्मशान घाट पर किया गया। जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, भाजपा किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, शुकतीर्थ मंडल अध्यक्ष अरूण पाल, पं. रामकुमार शर्मा, ब्रजवीर सिंह, रविन्द्र सिंह ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पुलिस लाइन स्थित सभागार में डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह ने की अपराध समीक्षा



**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)।** गुरूवार की रात डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित क्राइम मीटिंग की, जिसमें अपराध व अपराधियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये कि वे अपने अपने क्षेत्र के टॉप टेन व हिस्ट्रीशीटर बदमाशों पर लगातार सतर्क दृष्टि बनाए रखें और उनके क्रिया कलापों की निगरानी करें। ग्राम प्रधानों, संभ्रान्त नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, ग्राम प्रहरियों व पुलिस मित्रों के साथ बैठकें आयोजित कर आपसी समन्वय स्थापित करने का प्रयास करें। शस्त्र तस्करी, शराब, खनन, पशु तस्करी आदि अपराधों में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाये। गैंगस्टर मुकदमें में नामजद आरोपियों के सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिये एंटी रोमियो स्क्वायड, महिला आरक्षियों व अन्य पुलिस कर्मियों को अपनी-अपनी बीट में जाकर ग्राम प्रधान आदि के सहयोग से कोचिंग संस्थान, स्कूल, कॉलेजों में गोष्ठी आयोजित करें। महिला की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों में महिलाओं से सम्बंधित हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी छात्राओं व महिलाओं को दें। क्राइम मीटिंग में एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापति, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे के साथ-साथ सीओ, एलआईयू व एसओजी प्रभारी मौजूद रहे।

## गैरकानूनी अधिनियम वापस लेने को वकीलों ने सौंपा ज्ञापन



**बुढ़ाना, 21 फरवरी (बु.)।** गैर कानूनी अधिनियम को वापस लिए जाने की मांग को लेकर सैकड़ों अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती के माध्यम से राष्ट्रपति को बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी के नेतृत्व में ज्ञापन भिजवाया और अपने बाजुओं पर काली पट्टियां बांधकर कड़ा विरोध जताया। ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 में गैर कानूनी रूप से संशोधन करने की बाबत अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 लाया गया है, जो अन्याय व पक्षपातपूर्ण है, जिससे अधिवक्ताओं के हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ना सम्भव है। अधिवक्ता स्वतन्त्रता से न्यायालयों में कार्य नहीं कर सकेंगे, जिसका असर जनता पर न्याय प्रणाली के प्रति पड़ेगा। इस बारे में बार कौंसिल ऑफ यूपी द्वारा आह्वान किया गया था कि यूपी के अधिवक्ता काली पट्टी बांध विरोध करेंगे। बार बुढ़ाना के अधिवक्ता उक्त आह्वान का समर्थन करते हैं व अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग करते हैं। इस बारे में बार की मीटिंग भी हुई, जिसमें निर्णय हुआ कि उक्त अधिनियम का हम कड़ा विरोध करते हैं व काली पट्टियां लगाकर सब अधिवक्ता विरोध कर एसडीएम को ज्ञापन देकर मांग करेंगे कि गैर कानूनी अधिनियम वापस लिया जाए। यहां महासचिव ओमपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक राठी, पूर्व अध्यक्ष श्यामवीर वर्मा, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी लाल, संजय त्यागी, मोहम्मद मियां, प्रशांत शर्मा, आबाद कुरैशी, फिरोज मंसूरी आदि मौजूद थे।

## बाल विवाह के दुष्परिणाम की दी जानकारी



**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बुस.)।** आज ग्राम मखियाली में बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों के विषय में विस्तार से बताया। बाल विवाह के दुष्परिणाम, साइबर क्राइम से बचाव के साथ क्षय रोग से बचाव व इलाज के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी तथा शपथ दिलाई गई। मिशन शक्ति की जिला समन्वयक सिविल बीना शर्मा, एएचटीयू प्रभारी सर्वेश कुमार व एचसी अमरजीत सिंह के साथ स्कूली बालिकायें व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ जानसठ के वकीलों में रोष



**जानसठ, 21 फरवरी (बु.)।** जानसठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शशि कुमार सैनी के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार को दिया। शुक्रवार को तहसील जानसठ के अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन जानसठ के अध्यक्ष शशि कुमार सैनी के नेतृत्व में अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सुबोध कुमार को दिया। ज्ञापन में प्रस्तावित कई संशोधनों को संविधान की मूल भावनाओं के विपरीत बताते हुए अधिवक्ताओं की आवाज कुचलने वाला विधायक बताया गया। उन्होंने कहा कि यदि यह संशोधन लागू हो गया, तो पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ता अपना पक्ष मजबूती से नहीं रख पाएंगे। ज्ञापन देने वाले अधिवक्ताओं में पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गर्ग एडवोकेट, अचल कुमार गोयल, मोहम्मद असलम, आजाद जैदी, मोहम्मद अबरार, जितेंद्र तोमर, कविता सैनी, सोफिया एडवोकेट, संजीव चौधरी, संदीप डागा शहीद दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे। शशि कुमार सैनी ने बताया कि बीसीआई और बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जानसठ बार एसोसिएशन के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दिया है, जिसमें सरकार के इस बिल को अधिवक्ता विरोधी बताते हुए वापस लेने का आह्वान किया गया है।

## अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**खतौली, 21 फरवरी (बु.)।** तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 का पुरजोर विरोध कर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया। मिली जानकारी के अनुसार खतौली तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष सरदार जितेन्द्र सिंह एवं महासचिव सचिन आर्य एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी को दिया गया। ज्ञापन में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, परिषदों के लोकतांत्रिक स्वरूप को बनाए रखने, वकीलों के लिए दस लाख रुपये मेडिक्लेम संशोधन बिल 2025 की वापसी की मांगों का उल्लेख किया गया है। अधिवक्ता संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गयी तो संघ संघर्ष करेगा। इस दौरान जगदीश आर्य, राजवीर, अभिषेक गोयल, दिमाग सिंह, भूदेव आर्य, सचिन कुमार, अमित त्यागी, रेखा देवी, शाकिर, मनोज त्यागी, अजय राठी, अभिषेक भड़ाना, प्रमोद शर्मा, इकबाल अहमद, संत कुमार, वेद प्रकाश उपाध्याय, सुलेमान खान, सुमित, अनुज जैन, कृष्ण कन्हैया, रोशनी सैनी, अशोक अहलावत, सावन कुमार, पवन, ललित अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा लड़का गौरव मलिक व उसकी पत्नी श्रीमती मोनिका मेरे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिए मैंने अपने लड़के गौरव मलिक व उसकी पत्नी मोनिका को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। यदि भविष्य में मेरा लड़का गौरव मलिक व उसकी पत्नी मोनिका किसी प्रकार का कोई लेन-देन या गलत कार्य करते हैं तो उसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अब मेरा व मेरे परिवार का इन दोनों से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहा है।

**देवेन्द्र कुमार** पुत्र स्व0 दलबीर सिंह
56- खेड़ा मस्तान,
थाना- फुगाना, मुजफ्फरनगर

## पीएम मोदी ने अपने हाथों से शरद पंवार को बैठाया कुर्सी पर और उनके गिलास में भरा पानी




**नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसी)।** अखिल भारतीय मराठी सम्मेलन में आज पीएम मोदी ने शरद पंवार को जिस तरह से सम्मान दिया उसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। यही अर्थ भाजपाइयों से पूछेंगे तो वो कहेंगे कि यही हमारा शिष्टाचार और संस्कार है। दरअसल दिल्ली आयोजित अखिल भारतीय मराठी सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस दौरान जब शरद पंवार अपना भाषण समाप्त करके अपने स्थान पर वापस जाने लगे तो पीएम मोदी अपनी कुर्सी छोड़कर खड़े हुए और पंवार की कुर्सी को पकड़कर उन्हें बैठने के कहा। इतना ही नहीं शरद पंवार के बैठने के बाद पीएम ने अपने हाथों से शरद पंवार के लिए गिलास में बोतल से पानी डाला। यह दृश्य देखकर कांग्रेसी तो हक्के बक्के रह ही गयी, साथ ही साथ भाजपाईयों में भी यह छोटा सा सीन चर्चा का विषय बन गया और यही सीन मीडिया की सुर्खिया बनता दिखाई दिया। राजनीतिक गलियारों में अब इसके अलग-अलग अर्थ लगाये जा रहे हैं, कहीं शिष्टाचार की बात तो कहीं शरद पवार को इतना सम्मान देकर अपनी तरफ खींचने की बात के कयास लगाये जा रहे हैं।

## कौम और मुल्क की तरक्की के लिए दीन के साथ दुनिया की तालीम भी जरूरीः मुफ्ती सलमान



**शाहपुर, 21 फरवरी (बु.)।** दारुल उलूम देवबंद के मुफ़्ती ए आजम मुफ्ती सलमान मंसूरपुरी ने कहा कि दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम भी जरूरी है, जिससे मुल्क की तरक्की होगी। कस्बे के जामिया इस्लामिया गुलजारे मौहम्मदी मदरसा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दारुल उलूम देवबंद के मुफ़्ती ए आजम मुफ़्ती सलमान मंसूरपुरी ने कहा कि हम सभी को अपने पूर्वजों के आदर्शों पर चलकर दीन व मुल्क की तरक्की के लिए कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि दीनी तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम सभी के लिए जरूरी है, तभी मुल्क की तरक्की होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मुसलमान को देश की तरक्की में अपना योगदान देना चाहिए। मदरसे के मोहतमिम मौलाना इकबाल कासमी ने कहा कि हमारे बड़ों ने मुल्क के लिए जो कुर्बानी दी है वह काबिले तारीफ है। हमें भी अपने बड़ों के आदर्श पर चलकर मुल्क की तरक्की के कार्य करने चाहिए। हापुड़ से पधारे मुफ्ती मुस्तकीम ने कहा कि सभी हम बने मैं नहीं, क्योंकि ह से हिंदू व म से मुसलमान बनता है। दोनों मिलकर मुल्क की तरक्की करें। कार्यक्रम में मदरसे के हाफिज की उपाधि हासिल करने वाले आठ छात्रों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सपा नेता सतेंद्र पाल ने मदरसे में आयोजित कुरान ए पाक पढ़ने वाले सफल छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मदरसे के प्रबंधक हाजी शाहिद त्यागी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, समाजसेवी तोहिद त्यागी, मंगता अंसारी, मुफ्ती आबिद, वसीम अहमद, हसीन सैफी, कारी आमीर, कारी जावेद, डॉ. तारिक व तस्लीम आदि मौजूद रहे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 8084, दिनांक 4/8/21 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम शिवांश सिंह अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**विकास कुमार**
कुंगर पट्टी, सुजरू, मुजफ्फरनगर

## अमित राठी ने ग्रामीणों के सहयोग से डूंडीघाट पर बनवाया अस्थाई पुल



**भोपा, 21 फरवरी (बु.)।** हरिद्वार से कांवड़ लेकर लक्सर के रास्ते खादर के योगेन्द्रनगर से भोकरहेड़ी-मोरना होते हुए शिवभक्त अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। योगेन्द्रनगर स्थित डूंडीघाट पर सोलानी नदी पर भाजपा नेता अमित राठी ने ग्रामीणों के सहयोग से अस्थाई पुल का निर्माण कराया है, जिससे शिवभक्तों को नदी पार करने में आसानी होगी। हरिद्वार से शिवभक्त पवित्र गंगाजल लेकर लक्सर के रास्ते गांव योगेन्द्रनगर स्थित डूंडीघाट से भोकरहेड़ी-मोरना होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाते हैं। डूंडीघाट पर सोलानी नदी पर पुल न होने के कारण शिवभक्तों को नदी से होकर गुजरना पड़ता है। भाजपा किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने ग्रामीणों के सहयोग से डूंडीघाट पर अस्थाई पुल का निर्माण कराया है, जिससे शिवभक्त नदी को आसानी से पार कर सकेंगे। शुक्रवार को डूंडीघाट पहुंचे अमित राठी ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया तथा डूंडीघाट पर पहुंचकर अस्थाई पुल का भी जायजा लिया। इस दौरान सोम डीलर, मोहन, अनुज पहलवान, मनोज, अंकित, अर्जुन, रजनीश आदि मौजूद रहे।

## जमीन बेचने के नाम पर सहारनपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष से डेढ़ करोड़ की ठगी

**सहारनपुर, 21 फरवरी (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष से करीब डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष से 1 करोड़ 45 लाख रुपये ले लिए थे। बार-बार कहने पर भी आरोपी न तो बैनामा करने को तैयार नहीं हुआ और न पैसे वापस लौटाए। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। सीजीएम-1 कोर्ट ने केस दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं। कोर्ट के आदेश पर थाना फतेहपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सगे भाइयों ने पैसे लेने के बाद बैनामा नहीं कियाः थाना फतेहपुर इलाके के गांव बेहड़ा कलां निवासी संदीप राणा कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष हैं। संदीप राणा अपने साथियों के साथ मिलकर जमीन खरीदने और कॉलोनी काटने का काम करते हैं। संदीप राणा ने बताया कि 2021 में सगे भाई नरेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा, वीरेंद्र शर्मा और श्यामलाल शर्मा सगे ने लखनौती कलां में 15 बीघा जमीन का सौदा किया था। 28 लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से सौदा तय हुआ था। 17 सितंबर 2021 को दोनों पक्षों के बीच 18 महीने का एग्रीमेंट हुआ। संदीप राणा ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर डील के तहत अलग-अलग तारीखों में 1104 करोड़ रुपये दिए, जिसकी रसीदें भी ली गईं। कुछ हिस्से पर कब्जा मिलने के बाद प्लाटिंग शुरू कर दी। करीब 40 लाख रुपये सड़क निर्माण पर खर्च कर दिए। संदीप राणा ने बताया कि जब बैनामा कराने का समय आया तो आरोपी टालमटोल करने लगे। कहते रहे कि वे प्रॉपर्टी खरीदने वालों के नाम खुद बैनामा कर देंगे। बार-बार अनुरोध किया तो 11 अक्टूबर 2024 को आरोपियों ने बैनामा करने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि अब जमीन की कीमत बढ़ गई है, इसलिए नया सौदा तय किया जाएगा। संदीप राणा ने बताया कि पता चला कि जिस जमीन का सौदा हुआ था, उस पर विवाद चल रहा है। खसरा नंबर 54 की जमीन मौके पर मौजूद नहीं है और इसका कुछ हिस्सा खसरा नंबर 51 में आता है, जो पहले से ही कानूनी विवादों में उलझा हुआ है। संदीप राणा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बैनामा करने या पैसे वापस करने की बात कही तो आरोपियों ने धमकी देना शुरू कर दिया।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जू0 हा0 स्कूल तिरौला ब्लॉक-जानसठ (मुजफ्फरनगर) की कृषि योग्य भूमि कृषि कार्य हेतु 03 वर्ष के लिए ठेके पर दी जानी है। जिसमें खसरा नं. 503 (24 बीघा, कच्चा) की न्यूनतम बोली 70,000/- से शुरू होगी। खसरा नं. 444 (12 बीघा, कच्चा) की न्यूनतम बोली 16,5000/- से शुरू होगी। नीलामी दिनांक 28/02/2025, दिन- शुक्रवार, समय 01:00 दोपहर में विद्यालय प्रांगण में होगी। प्रत्येक खसरे के लिए जमानत राशि 10,000/- होगी। इच्छुक व्यक्ति ससमय उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

आज्ञा से
हरपाल सिंह (इ0प्र0 अ0)
जू0हा0 स्कूल तिरौला ब्लॉक-जानसठ
मुजफ्फरनगर



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## संभल की पटकथा और शिवपाल

कल शिवपाल यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी, तो अत्याचार की पटकथा लिखी जाएगी और संभल उसमें सबसे ऊपर होगा। इस बयान को विवादित कहा जा रहा है, इस बयान का यह अर्थ भी निकाला जा रहा है कि हो सकता है, वे पुलिस पर हुए पथराव को अत्याचार की पटकथा कह रहे हों। सपा नेता शिवपाल यादव ने यह विवादित बयान ऐसे समय दिया है, जब उत्तर प्रदेश पुलिस संभल हिंसा को लेकर चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। पुलिस की विशेष जांच टीम ने संभल में 24 नवंबर की हिंसा से जुड़े छह मामलों में 4,400 से अधिक पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। अधिकारियों ने कहा कि उनकी जांच से पता चला है कि संभल के मूल निवासी शारिक साठा, जो यूएई में है, उसने हिंसा की साजिश रची, जिसकी वजह से पांच लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे। साठा, जो पहले दिल्ली-एनसीआर से 300 से अधिक वाहन चुराने वाला एक कार चोर गिरोह चलाता था। वो दाऊद इब्राहिम और पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने कहा कि उसने फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल किया और देश से भाग गया। सर्कल अधिकारी कुलदीप कुमार और अतिरिक्त जिला सरकारी वकील हरिओम प्रकाश ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना सिंह की अदालत में आरोपपत्र पेश किए। आरोप-पत्र में 79 आरोपियों के नाम हैं, जो वर्तमान में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत जेल में हैं। संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि जांच के दौरान साठा की संलिप्तता सामने आई और हमारे द्वारा बरामद सबूतों के आधार पर, हम कह सकते हैं कि उसने हिंसा की साजिश रची थी। चार्जशीट में साठा के गिरोह के सदस्य शामिल हैं। यह चार्जशीट का पहला तथ्य है और जांच आगे बढ़ने पर हम एक पूरक चार्जशीट दाखिल करेंगे। समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क और स्थानीय विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल के नाम वाली चार्जशीट के बारे में पूछे जाने पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि साठा के संभल और पड़ोसी जिलों में अच्छे राजनीतिक संबंध हैं। हम एफआईआर में नामित सभी संदिग्धों की भूमिका की जांच कर रहे हैं और जांच पूरी होने के बाद उस मामले में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। मस्जिद के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा अदालत के आदेश पर किए गए निरीक्षण के दौरान झड़पें हुईं थीं। पुलिस ने सात एफआईआर दर्ज कीं, जबकि मृतकों के परिवारों ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चार और एफआईआर दर्ज कीं। एक अन्य एफआईआर एक घायल व्यक्ति ने तुर्की मूल के अज्ञात संदिग्धों के खिलाफ दर्ज कराई थी। एसआईटी सभी 12 एफआईआर की जांच कर रही है। अधिकारियों ने पाकिस्तान और अमेरिका में निर्मित गोलियां भी बरामद कीं, जो हिंसा में संभावित बाहरी लोगों की संलिप्तता का संकेत देती हैं। आरोपियों में बर्क और इकबाल सहित 37 नामजद व्यक्ति हैं। इसके अलावा, मामले में 3,750 अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। शिवपाल यादव के बयान पर एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि उनके बयान से ऐसा लगता है कि वे इस अत्याचार में लिप्त किरदारों को पहचानते हैं और जब उनकी सरकार आएगी, तो वो अपने हिसाब से पटकथा लिखेंगे। शिवपाल यादव ने बजट पर भी पटकथा का जिक्र किया था, लगता है इन दिनों शिवपाल यादव पटकथा शब्द पर काफी काम कर रहे हैं। शिवपाल यादव ने कहा कि यह बजट एक बड़े घोटाले की पटकथा है। अगर यही विकास है, तो जनता को अंधकार से कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए। इसलिए मैं इस बजट को पूरी तरह से खारिज करता हूं। सरकार से आग्रह करता हूं की अगली बार जुमलों की किताब के बजाय जनता की जरूरतों का बजट बनाएं। 2027 में जनता के हित में हम बेहतर बजट लाएंगे। बजट में लफ्फाजी बहुत है और बस कुछ नहीं। पिछले कुछ दिनों से सपा के नेता विवादास्पद बयान दे रहे हैं, जिनकी भाजपा नेताओं द्वारा लगातार निन्दा की जा रही है। शिवपाल यादव ने महाकुंभ को लेकर भी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कहीं भी 144 वर्ष बाद कुंभ आने का उल्लेख नहीं है, अगर है तो ये लोग बताएं। सरकार के पैसे का दुरुपयोग पीआर के लिए किया गया है, ऐसी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। शिवपाल ने आरोप लगाया कि सरकार सनातन धर्म का दिखावा करके लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार का वास्तविक उद्देश्य जनता के विश्वास का दोहन करना है। इन लोगों का आस्था से कोई संबंध नहीं है। भाजपा ने समाजवादी पार्टी पर सनातन विरोधी होने का आरोप लगाया है। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नोएडा में उत्तर प्रदेश के बजट पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूपी सरकार ने अपने आकार से सबसे बड़ा बजट पेश किया है, जो प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और विकास को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निबाहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यूपी अन्य राज्यों के मुकाबले लॉ एंड ऑर्डर और विकास के मामले में नंबर एक राज्य बनेगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि वह फिलहाल फ्रस्ट्रेशन में हैं और उनकी गाड़ी पूरी तरह से डीरेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जाति, धर्म और तुष्टीकरण के आधार पर वोट मांग रहे हैं, जबकि भाजपा मोदी जी की अगुवाई में गरीब कल्याण और जन-जन का विश्वास जीतने के साथ भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्व स्तर पर अव्वल बना रही है। उन्होंने आगे कहा कि सनातन धर्म पर हमला करना कोई नयी बात नहीं है। यह अब फैशन बन चुका है। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेता सभी फ्रस्ट्रेशन में हैं। उन्होंने एक जाति के बीच विभेद की जो दीवार खड़ी की थी, वह अब टूट चुकी है। अब वहां गरीब, अमीर, हर जाति के लोग एक साथ आकर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं। ब्रजेश पाठक ने अखिलेश पर तंज कसते हुए कहा कि वे कुंठित हो चुके हैं। विधानसभा उपचुनाव में 10 में से आठ सीटों पर वे बुरी तरह से पराजित हुए हैं। वे हार के सदमे में हैं। यही कारण है कि महाकुंभ में उमड़ा जनज्वार उन्हें भा नहीं रहा है। उनके मित्र राहुल गांधी इंडियन स्टेट से लड़ने की बात कर रहे हैं, जबकि अखिलेश भाजपा का विरोध करते-करते सनातन धर्म का विरोध करने लगे हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

*नमन* *जल* *वृत्ति* *धिक्कार*

भावनाओं को नमन है,कामनाओं को नमन,
जल को लेकर चल रहे जो उन समूहों को नमन।
आसुरी वृत्ति के लोगों से हैं आहत संत जन,
है बहुत धिक्कार उन पर, देवताओं को नमन।

# महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर सड़कों पर उतरे अफसर

## - एडीएम-एसपी ने कांवड मार्ग की व्यवस्थाओं को परखा - शनिवार को अधिकारियों की बुलाई इसको लेकर बैठक





मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जनपद की सीमा से गुजरने वाले तमाम शिवभक्त कांवड़ियों के आवागमन को सुलभ करने एवं शिव मंदिरों में जलाभिषेक की व्यवस्थाओं को परखने के लिए शुक्रवार को एडीएम प्रशासन व एसपी सिटी पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को लेकर कांवड़ मार्ग पर निरीक्षण के लिए निकले। वहीं नगर के हृदयस्थल शिव चौक पर पहुंचकर जलाभिषेक की आगामी व्यवस्थाओं को भी जाना। वहीं इसके लिए शनिवार में अफसरों की बैठक बुलाई है। शरद माह की महाशिवरात्रि पर शिवभक्त कांवड़ियों के नगर आवागमन को लेकर अफसरों ने सड़क पर उतर व्यावस्थाओं को परखने के साथ जरुरी निर्देश दिए। आगामी 25 फरवरी में रात्रि से जलाभिषेक और पूजन प्रारंभ होने के साथ ही 26 फरवरी को शिव भक्तों का पूरा सैलाब नगरीय क्षेत्र में शिवचौक पर उमड़ा नजर आयेगा। इस दौरान मुजफ्फरनगर से होकर गुजरने वाले इन हजारों शिवभक्तों का रेला गुजरता है। इन्हीं तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह व एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत समेत अन्य अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने शिव चौक पहुंचकर वहां पर जलाभिषेक की व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान वो बझेड़ी फाटक तक भी पहुंचे। एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर ने बताया कि महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड में गंगा जल लेकर चलते हैं। हरिद्वार के बाद यात्रा में पहला पड़ाव मुजफ्फरनगर जिले में ही पड़ता है। यहां से ही कांवड़ियां अलग-अलग दिशा में निकलते हैं। हरिद्वार से चलने वाले कांवड़ियों की सुविधा के लिए कांवड़ मार्ग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। कांवड़ मार्ग पर जहां सड़क खराब है, उसको दुरुस्त कराने के संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये, तो वहीं मार्ग पर अस्थाई अतिक्रमण को हटवाने के लिए कहा गया। इसके लिए मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगा दी है। शनिवार को इस संबंध में बैठक बुलाई गई है। जिलेभर में महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक की खातिर विशेष सुरक्षा व व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।



## डीएवी कॉलेज में आयोजित हुई चित्र प्रदर्शनी

मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)। कलांगन सेवा ट्रस्ट द्वारा डॉ. पीसी बरूआ आर्ट गैलरी, चित्रकला विभाग, डीएवी डिग्री कॉलेज में आयोजित भव्य चित्र प्रदर्शनी में तीसरे दिन भी अनेकों दर्शक प्रदर्शनी का अवलोकन करते रहे। प्रदर्शनी में अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार राम विरंजन की मानव मन के अंतर्द्वंद्व पर आधारित चित्र आकर्षण का केंद्र रहे। दिल्ली के प्रख्यात मूर्तिकार-चित्रकार सुरेश कुमार की पेंटिंग ने सबका मन मोह लिया। राष्ट्रीय लोक कला के चितेरे डॉ. रामशब्द सिंह की कलाकृति बनारस के घाट आकर्षण का केंद्र रही। एसडी कॉलेज के चित्रकला विभाग के अध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार के बनाए अमूर्त चित्र अपने गहरे मनोभावों को लेकर चर्चा में रहा। डीएवी कॉलेज के कला विषय के छात्रों ने भी विभिन्न माध्यमों जैसे मिक्स मीडिया, पेंसिल, एक्रेलिक एवं तेल आदि में बनाए चित्र दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। गैलरी निदेशक प्रो. वेदपाल सिंह ने बताया कि शनिवार को विभिन्न स्कूलों से विद्यार्थियों के प्रदर्शनी अवलोकन की जानकारी प्राप्त हुई है। कॉलेज प्राचार्या प्रो. गरिमा जैन ने बताया कि कॉलेज में 21 फरवरी से यूथ वीक उल्लास का आरंभ हो रहा है इसमें विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों का इस बीच प्रतिभाग रहेगा, इन दिनों में कला प्रदर्शनी भी दर्शकों के अवलोकन के लिए खुली रहेगी। इस दौरान प्रो. विपिन जैन, अरुण कुमार, डॉ. प्रभा सिंह, सीमा त्यागी के अलावा शिक्षक शिवानी व अंजुम इदरीसी, विद्यार्थी मीनाक्षी, तान्या, कार्तिक, अभिषेक, वर्षा, अमृता, मानसी आदि का योगदान रहा

# अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में वकीलों ने निकाली रैली

## - बार काउंसिल के आह्वान पर किया नो वर्क, किया प्रदर्शन



मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)। केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में देश भर में उठे विरोध के बीच शुक्रवार को कचहरी में अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर प्रदेश व्यापारी आंदोलन के बीच बार संघ ने नो वर्क करते हुए इन अधिवक्ताओं ने सरकार से ये निर्णय वापस लेने की मांग करते हुए हाथों पर काली पट्टी बांधकर जुलूस निकालते हुए डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। कचहरी में नो वर्क के कारण न्यायिक विभाग में कामकाज प्रभावित रहा और वादकारियों को भी निराश होकर वापस लौटना पड़ा। केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 में बदलाव करने की तैयारी है। इस बदलाव के लिए मोदी सरकार अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 ला रही है। इसमें कई नये प्रावधान किये गये हैं। सरकार के इस निर्णय को बार-बेंच के हितों के खिलाफ बताते हुए अधिवक्ता पूरे देश में प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को जिला बार संघ अध्यक्ष ठा. कुंवर पाल सिंह, महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील मित्तल और महासचिव राज सिंह रावत के नेतृत्व में दोनों बार के अधिवक्ता एकत्र हुए और हाथों पर काली पट्टी बांधकर कचहरी परिसर में अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। बाद में जुलूस डीएम कार्यालय पर पहुंचकर समाप्त हुआ और यहां राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को सौंपा गया। बार संघ के अध्यक्ष ठा. कुंवर पाल ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर शुक्रवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया। ज्ञापन के बाद बार संघ के आह्वान पर आंदोलन की रणनीति बनाने को फैंथम हॉल में अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि बार और बेंच मिलकर ही न्याय की व्यवस्था पूर्ण होती है, लेकिन सरकार कोर्ट में हस्तक्षेप करने के लिए बार को टारगेट कर रही है। इसके खिलाफ हम बढ़कर अपनी लड़ाई को लड़ेंगे, जब तक सरकार अपने फैसले को वापस नहीं लेती है, यह आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन में संशोधन बिल वापस लेने, अधिवक्ताओं को दस लाख का मेडिक्लेम और दस लाख का बीमा सुविधा दिए जाने के साथ अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना चलाए जाने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।





# अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभागार में हुई सम्पन्न

## - पुराने वादों पर ध्यान देते हुए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराए जाएं।

मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)। अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आज अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि महिलाओं, बच्चों, गैंगस्टर, पोक्सो से संबंधित वादों में शीघ्रता लाते हुए गवाहों को बुलाकर न्यायालय में वादों को तय कराकर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा दिलाई जाये। उन्होंने अभियोजन के कार्यों में प्रगति लाए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि पुराने वादों पर ध्यान देते हुए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराए, कोई भी वाद अधिक समय तक लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि लंबित वादों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाये। बैठक में संयुक्त निदेशक अभियोजन कुलभूषण शर्मा, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशांत कुमार सभी अधिवक्तागण सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाकुंभ में मुजफ्फरनगर का बंटेगा गुड़

## - एक डुबकी शहीदों के नाम : सत्य प्रकाश



मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)। 144 वर्ष बाद प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ में मुजफ्फरनगर का गुड़ इस बार प्रसाद रूप में बांटा जायेगा। पालिका की पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, रेशू परिवार के सत्यप्रकाश रेशू, शैल गर्ग एवं साधना गर्ग आदि 23 व 24 फरवरी में प्रयागराज महाकुंभ में इस गुड़ को वितरित करेंगे। जिसे जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने अपने कर कमलों से सत्यप्रकाश रेशू व अंजू अग्रवाल को सौंपा। डीएम उमेश मिश्रा ने प्रयागराज में मुजफ्फरनगर का गुड़ बांटने के लिए आश्रम तक पहुंचाने की व्यवस्था करने में भरपूर सहयोग किया। इससे पूर्व मकर संक्रांति पर्व पर भी मुजफ्फरनगर का गुड़ साधु-संतों, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, रेल मंत्री, केन्द्रीय मंत्री एवं आम भक्तों को प्रसाद रूप में वितरित करने के लिए भेजा गया था। सत्यप्रकाश रेशू , पालिका की पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने बताया कि प्रयागराज यात्रा में जिले की जन शक्ति-बौद्धिक शक्ति-धनशक्ति को देश को विश्व महाशक्ति बनने में अति विशेष योगदान करेगी। संगम में डुबकी की साथ-साथ त्रिवेणी से सबके कल्याण की प्रार्थना करेंगे। साथ ही प्रदेश सरकार के महाकुंभ को आयोजित करने की व्यवस्था का अध्ययन करेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, इं. अशोक अग्रवाल, सत्य प्रकाश रेशू, शैल गर्ग, साधना गर्ग, गीता गोयल समेत कई भक्तों के साथ 22 फरवरी को महाकुंभ की यात्रा संपूर्ण ब्रह्मांड के लिए शुरू करेंगे। प्रयागराज पहुंचकर सबसे पहले त्रिवेणी में सम्पूर्ण ब्रह्मांड के लिए डुबकी लगाएंगे।

# लखदातार दिवाने समिति ने मनाया श्याम फाल्गुन महोत्सव

मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)। लखदातार दिवाने समिति की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के भव्य कार्यक्रम श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव की धूम रही। इस दौरान नई मंडी श्री रामलीला भवन में बाबा का गुणगान सुश्री उमा लहरी जयपुर एवं बंटू भैय्या नजफगढ़ द्वारा किया। सुरेश गुप्ता पहाड़गंज वालों का इस दौरान विशेष सानिध्य व आशीर्वाद प्राप्त हुआ। श्रीरामलीला भवन, नई मण्डी, निकट कोतवाली में आयोजित इस कार्यक्रम में बाबा का भव्य दरबार लगाया। लखदातार दिवाने समिति की ओर से आयोजित श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के भव्य कार्यक्रम में श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव श्याम प्रोडक्शन और उमा लहरी के यूट्यूब चैनल पर भी लाईव हुआ। बाबा की भव्य श्याम रसोई में आये हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वयं श्याम प्रभु (खाटू वाले) रहे और श्री श्याम प्रभु का भव्य दरबार, छप्पन भोग का विशेष भोग लगाया गया और कलकत्ता के फूलों द्वारा बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया, जो कि अद्वितीय एवं दर्शनीय रहा। कार्यक्रम में आये हुये सभी भक्तों ने पूरी श्रद्धाभाव के साथ कीर्तन का आनन्द लिया। इस दौरान संपन्न कार्यक्रम में समिति की ओर से पदाधिकारी कमल सिंघल, सौरभ बंसल, आशीष जैन, विपिन गुप्ता, अनुज सिंघल, राजीव जैन, नितिन सिंघल, पुनीत गुप्ता, गौरव गौतम, ईशान गर्ग, मोहित सिंघल, अंकुर सिंघल, शिवम शर्मा, अभय सिंघल, अर्चित सिंघल, आशु सिंघल, अभिषेक अग्रवाल, अंश मित्तल, अमन गुप्ता, अनमोल अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल, अंशुल मित्तल, अभय गर्ग आदि काफी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

# झांसी रानी व्यापार मंडल ने उठाई बड़े डीजे रोके जाने को आवाज



मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)। नगरीय क्षेत्र में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों के साथ हर वर्ष निकाली जा रही यात्राओं में डीजे की आवाजों से आहत दर्जनों व्यापारियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन देते हुए इस दिशा में राहत दिलाए जाने की मांग की। इन व्यापारियों ने तर्क दिया कि बड़े-बड़े डीजे की कानफोड़ू आवाज एवं बड़ा होने के कारण मार्ग अवरुद्ध होने से शहर क्षेत्र में जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जिससे मुक्ति का मार्ग न मिल पाने से व्यापार ठप होने के साथ भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार को झांसी रानी व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष विक्की चावला के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप से मुलाकात की। कचहरी पहुंचे इन व्यापारियों ने नगर मजिस्ट्रेट को बताया कि नगरीय क्षेत्र में होने वाले इन धार्मिक आयोजनों से हर वर्ष होने वाली इस परेशानी का हवाला देते हुए नगर क्षेत्र में निकाली जाने वाली इन यात्राओं में डीजे की आवाजों से आहत व्यापारियों ने प्रशासन से इस दिशा में राहत दिलाए जाने की मांग की। इन व्यापारियों ने तर्क दिया कि बड़े-बड़े डीजे की कानफोडू आवाज एवं बड़ा होने के कारण मार्ग अवरुद्ध होने से शहर क्षेत्र में जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जिससे मुक्ति का मार्ग न मिल पाने से व्यापार ठप होने के साथ भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान मुख्य रूप से रविकांत, संजय मदान, संजय चावला, सुरेन्द्र कुमार, हरीश ठकराल, प्रदीप उत्तरेजा, संजय गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में भव्य कार्यक्रम संपन्न

## - लिटिल चैंप बेबी शो में नन्हें-मुन्नों ने दिखाई अपनी प्रतिभा







मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज केशवपुरी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेत्री ममता अग्रवाल, डॉ. प्रखर गोयल, शिशु शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश के संभाग निरीक्षक योगेश त्यागी, श्यामलाल बंसल, डॉ. विजय कुमार टंडन, संजय अग्रवाल प्रबन्धक, कौशल आर्य प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन करके शुभारंभ किया। सर्वप्रथम हंस वाहिनी, ईशिका, पूनम, मानवी आदि ने मनमोहक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान स्वागत गीत, घोड़े जैसी चाल, दादाजी की छड़ी, छूना है अब हमें आसमां व पंजाबी गिद्दा की सुंदर प्रस्तुति की गई। लिटिल चैंप बेबी शो और बी दो ग्रुप में आयोजित किए गए, जिसमें नगर के अलग-अलग विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने महापुरुषों के रूप में सज प्रतिभाग किया। शिशुओं की रंगारंग प्रस्तुति व फैंसी ड्रेस शो ने सभी का मन मोह लिया। ग्रुप ए के निर्णायक अशोक शर्मा, कु. मानसी नामदेव, अर्चना शर्मा, ग्रुप बी के निर्णायक अनमोल सैनी, पारुल माहेश्वरी रही। ग्रुप ए से प्रथम स्थान प्राप्त ख्याति दीक्षित, ग्रुप बी से हनिका पाहुजा को एक-एक साइकिल देकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को भी पुरुस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। प्रबंधक संजय अग्रवाल ने बताया कि यदि सही मार्गदर्शन प्राप्त हो जाए तो आज के नन्हें मुन्ने बच्चे कल के सफल नागरिक बन जाते हैं। डॉ. विजय टंडन ने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना शुभाशीष दिया। श्यामलाल बंसल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कौशल आर्य प्रधानाचार्य ने अतिथियों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम संचालन योगेंद्र दत्त शर्मा, अंश दीक्षित व पलक सैनी ने किया। आचार्या रेखा शर्मा, सारिका शर्मा, मोनिका का विशेष योगदान किया। इस कार्यक्रम में अरुण खंडेलवाल अध्यक्ष विद्या भारती, चरण पाल, मनोज वर्मा सभासद, कपिल देव त्यागी अध्यक्ष गाजियाबाद इंटर कॉलेज व विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

॥ अंतिम यात्रा ॥



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जा रहा है कि हमारी पूजनीय माता जी
श्रीमती सरोज बाला जैन पत्नी स्वर्गीय श्री अशोक कुमार जैन जी
का स्वर्गवास आज दिनांक 21 फरवरी 2025 को प्रातः 9:45 बजे हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

अंतिम यात्रा

दिनांक 22/02/2025, दिन- शनिवार को प्रातः 8 बजे
हमारे निज निवास 509, कम्बल वाला बाग से
नई मंडी, श्मशान घाट हेतु प्रस्थान करेगी।

शोकाकुल परिवार

कमल जैन, संजीव जैन, सौरभ जैन
एवं समस्त जैन परिवार

संपर्क सूत्र:- M.9893600777, 7666 101093, 8791509089

आवश्यक सूचना

डॉ. विकास सिंघल
M.B.,B.S. (MAMC), M.R.C.S. (GLASGOW)
F.A.C.S. (AMERICA)
American Board of Surgery Diplomate
Fellowship Advanced Laparoscopic Surgery (U.S.A.)
(एसोसिएट डायरेक्टर, मेदान्ता अस्पताल, गुड़गाँव)

दिनांक 23.02.2025, दिन-रविवार को

डॉ. विकास सिंघल
(एड्वांस जीआई सर्जन, रोबोटिक एंड बेरिएट्रिक सर्जन)
पेट, आँत, जिगर पैन्क्रियाज़, पित्त की थैली,
कैंसर, हर्निया, अत्यधिक वज़न,
एसिडिटी से पीड़ित मरीज़ों को देखेंगे।

नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें

सिंघल नर्सिंग होम
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
मो.: 9837082912, 8800567610
समय:- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक

# सौरव गांगुली की कार को लॉरी ने मारी जबरदस्त टक्कर

नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसी)। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का गुरुवार को एक रोड एक्सीडेंट हो गया। दादा बर्धमान के एक इवेंट में शामिल होने जा रहे थे, तभी वह एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। गांगुली की कार का ये एक्सीडेंट दुर्गापुर एक्सप्रेसवे पर हुआ है। खबर है कि एक तेज रफ्तार लॉरी ने गांगुली की कार को टक्कर मार दी। हालांकि अच्छी बात यह है कि गांगुली को इस एक्सीडेंट में कुछ नहीं हुआ है और वो ठीक हैं।

जिस वक्त लॉरी के साथ गांगुली की गाड़ी टकराई उस वक्त उनके ड्राइवर ने बचने के लिए जोरदार ब्रेक लगाए थे। तभी अचानक गांगुली के पीछे काफीले में चल रहीं सभी गाड़ियां उनकी कार से टकरा गईं। काफीले की कई गाड़ियां डैमेज भी हुई हैं, लेकिन बाद में थोड़ी देर इंजतार करने के बाद गांगुली एक बार से बर्धमान में हो रहे समारोह के लिए निकल गए। जिस वक्त गांगुली की कार हाईवे से गुजर रही थी उस वक्त वहां बहुत तेज बारिश भी हो रही थी। तभी तेज रफ्तार लॉरी के साथ गांगुली की कार टकरा गई।

इतना ही नहीं पीछे से भी उनकी गाड़ी उन्हीं के काफीले की गाड़ी से टक्कर लगी। लेकिन अच्छी बात ये रही कि पूरी दुर्घटना में किसी को भी कोई चोट नहीं आई है। बाद में गांगुली ने 10 मिनट रोड पर इंतजार किया और वो बर्धमान यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एक बार फिर से निकल पड़े।

## एकनाथ शिंदे को धमकी देने के आरोप में 2 गिरफ्तार

**नागपुर, 21 फरवरी (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को गुरुवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी। धमकी का मामला सामने आते ही एकनाथ शिंदे की सुरक्षा बढ़ा दी गई। अब जानकारी सामने आ रही है कि पुलिस ने धमकी देने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले ईमेल के सिलसिले में मुंबई पुलिस ने बुलढाणा से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच एकनाथ शिंदे के नागपुर दौरे के दौरान उनसे इन धमकियों के बारे में पूछा गया, जिसका उन्होंने निडरता से जवाब दिया। एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुझे पहले भी इस तरह से जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। जब मैने डांस बार बंद करवाया था तब भी धमकियां मिली थी। मुझे मारने की कई बार धमकियां मिल चुकी है लेकिन मै नहीं डरा। जान से मारने की धमकी मिलने पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, ह्लमुझे पहले भी धमकियां मिली हैं। डांस बार बंद होने पर भी कई धमकियां मिली थीं। मुझे जान से मारने की धमकियां दी गईं, कोशिशें भी हुईं, लेकिन मैं डरा नहीं। नक्सलियों ने मुझे धमकाया था, लेकिन मैं उनकी धमकियों के आगे नहीं झुका। मैंने गडचिरोली में पहली औद्योगिक परियोजना शुरू करने का काम किया। आरोपियों की पहचान मंगेश अच्युतराव वायल (35) और अभय गजानन शिंगणे (22) के रूप में हुई है।

## राखी सावंत को महाराष्ट्र साइबर सेल ने भेजा समन

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसी)।** 'इंडियाज गॉट लैटेंट' को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। इस मामले की जांच चल रही है और राखी सावंत भी जांच के घेरे में आ गई हैं। समय रैना के शो के एक एपिसोड में पैनलिस्ट रहीं राखी सावंत को महाराष्ट्र साइबर सेल ने तलब किया है। इस एपिसोड में पैनल में आशीष सोलंकी, महीप सिंह, यशराज और बलराज घई भी थे। महाराष्ट्र साइबर सेल ने एक्ट्रेस राखी सावंत को 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर चल रहे विवाद के सिलसिले में 27 फरवरी, 2025 को अपना बयान दर्ज करने के लिए बुलाया है। ये फरमान यूट्यूबर आशीष चंचलानी और रणवीर अल्लाहबादिया को 24 फरवरी को पूछताछ के लिए आने के लिए कहने के बाद आया है। महाराष्ट्र साइबर सेल के आईजी यशस्वी यादव के अनुसार, कॉमेडियन समय रैना ने भी 17 मार्च तक की मोहलत मांगी थी, लेकिन अधिकारियों ने उनके गुजारिश को ठुकरा दिया। अब उन्हें 10 मार्च तक साइबर सेल के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। स्टैंड-अप कॉमेडियन फिलहाल अपने यूनाइटेड स्टेट्स और कनाडा टूर में व्यस्त हैं।

## हाथरस भगदड़ केस में भोले बाबा को क्लीन चिट

**हाथरस, 21 फरवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में बीते साल 2 जुलाई 2024 को सत्संग के बाद हुए भयंकर भगदड़ कांड में न्यायिक आयोग ने अपनी जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। फाइनल रिपोर्ट के अनुसार सूरजपाल उर्फ भोले बाबा को क्लीन चिट दी गई है। इस हादसे में 121 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी। आयोग ने इस घटना में आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया है, जबकि प्रशासन और पुलिस की लापरवाही को भी गंभीर चूक माना गया है। हाथरस में दर्दनाक कांड के बाद सरकार की तरफ से न्यायिक जांच का गठन किया गया था। सूरजपाल भोले बाबा के सत्संग आयोजन के बाद भगदड़ मच गई, जिसके बाद कई लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हादसे में 121 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इस रिपोर्ट को कैबिनेट में पेश किया गया और सदन में रखने की मंजूरी भी दी गई है। आयोग ने इस घटना में आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया है, जबकि प्रशासन और पुलिस की लापरवाही को भी गंभीर चूक माना गया है।

## सीबीआई के डिप्टी एसपी की ईडी ने की एक करोड़ से अधिक की संपत्तियां जब्त

**लखनऊ, 21 फरवरी (एजेंसी)।** सीबीआई के डिप्टी एसपी की एक करोड़ से अधिक की संपत्तियां जब्त की गई हैं। ईडी ने दिल्ली और गाजियाबाद में यह कार्रवाई की है। यूपी में सीबीआई के डिप्टी एसपी राजीव कुमार की 1.05 करोड़ रुपये की संपत्तियों को ईडी ने जब्त किया। राजीव कुमार मूल रूप से सहारनपुर के देवबंद के रहने वाले हैं। ईडी ने शुक्रवार को उनकी दिल्ली और गाजियाबाद की संपत्ति पर कार्रवाई की है। सीबीआई के डिप्टी एसपी राजीव कुमार ऋषि की 1.05 करोड़ रुपये की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त कर लिया है। राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय ने शुक्रवार को राजीव कुमार और उनकी पत्नी अल्पना ऋषि के नाम पर नई दिल्ली के वसंत कुंज एवेन्यू और गाजियाबाद के कौशांबी में खरीदी गईं दो आवासीय संपत्तियों को जब्त किया है। ईडी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में यह कार्रवाई की है।

## अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते भड़काऊ भाषण व निजी परिवाद में नहीं हुई सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)।** शुक्रवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते नंगला मंदौड़ में हुई पंचायत के मामले में भड़काऊ भाषण देने व निजी परिवाद के मामले में कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई 25 मार्च को की जाएगी। 31 अगस्त 2013 को नंगला मंदौड में एक पंचायत का आयोजन किया गया था। पंचायत में पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राना, पूर्व सांसद कुंवर भारतेन्दु, पूर्व विधायक उमेश मलिक, मिंटू, योगेश, साध्वी प्राची, बिट्टू सिखेड़ा शिवसेना, श्यामपाल चेयरमैन, शिव कुमार, विरेन्द्र प्रमुख सहित 14 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी थी, जिसमें पुलिस ने सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मुकदमा चलते-चलते 14 आरोपियों में से विरेन्द्र प्रमुख की मौत हो चुकी है, जबकि आरोपी शिवकुमार की फाइल अलग कर दी गयी थी। वहीं निजी परिवाद के मामले में सांसद हरेन्द्र मलिक, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल समेत 20 लोगों के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया गया था। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीरसिंह ने बताया कि शुक्रवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते एमपीएमएलए कोर्ट में इस मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 25 मार्च तिथि नियत की है।

### दाल मण्डी बुजुर्ग की पिटाई के मामले में मयंक मित्तल का चालान

**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के दाल मण्डी में व्यापारी नवीन मित्तल व उसके सहयोगी मयंक मित्तल ने बुजुर्ग विशाल कालरा की पिटाई कर दी थी। इस पिटाई का वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो मामला शहर कोतवाली जा पहुंचा। जहां दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर बुजुर्ग विशाल की पिटाई करने के आरोप में मयंक मित्तल का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# सड़क हादसे में महिलाओं व बच्चों सहित 9 घायल

**जानसठ, 21 फरवरी (बु.)।** जानसठ से मोरना मार्ग पर बाइक रेहड़ा व बुलेट बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें महिलाओं व बच्चों सहित नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जिनमें से गंभीर रूप से पांच घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बुढ़ाना के मौहल्ला सफीपुर पट्टी, नई बस्ती निवासी बृहस्पतिवार को 48 वर्षीय राकिब पुत्र रसीद उसकी पत्नी 45 वर्षीय शबनम, 45 वर्षीय वकील पुत्र शरीफ काजी उसकी पत्नी 40 वर्षीय केसर जहां, वकील की पुत्री 11 वर्षीय अतिया, 4 वर्षीय आहिल पुत्र छोटू, 6 वर्षीय नाजिर पुत्र छोटू बाइक रेहड़े में बैठकर थाना मीरापुर के गांव संभलहेड़ा में अपनी रिश्तेदारी में आए थे। शुक्रवार की दोपहर लगभग तीन बजे ये सभी बाइक रेहड़े में बैठकर वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही यह लोग जानसठ-मोरना मार्ग पर गांव तालड़ा के निकट गुरुद्वारे के सामने पहुंचे, तो सामने से बुलेट बाइक पर ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी 20 वर्षीय मुसेब आलम उर्फ काला पुत्र अजमल व 19 वर्षीय आरिस पुत्र अरशद ने इनके बाइक रेहड़े में बुलेट बाइक से टक्कर मार दी। आमने-सामने की टक्कर के हादसे में सभी लोग घायल हो गए, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जानसठ में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल राकिब, केसर जहां, वकील, मुसेफ व अरिश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।









## फ्रेश वेस्ट निस्तारण में आत्मनिर्भर बनेगी अब नगर पालिका

- साढ़े तीन करोड़ रुपये की दो ट्रॉमल मशीन खरीदने की तैयारी
- शहर से निकलने वाले फ्रेश वेस्ट का प्रतिदिन होगा सेग्रीकेशन

**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)।** नगर पालिका परिषद् अब अगले कुछ माह में नगरीय क्षेत्र को गारबेज फ्री बनाने के लिए बड़ी उपलब्धियां हासिल करने जा रही है। पालिका का सिरदर्द बना कूड़ा कमाई का बड़ा साधन बनने जा रहा है, वहीं बड़े जुर्माने का कारण बने लीगेसी वेस्ट को निःशुल्क निस्तारण करने की ओर कदम बढ़ाने के साथ ही पालिका ने अब प्रतिदिन शहर से निकलने वाले करीब 300 टन फ्रेश वेस्ट का हाथों हाथ सेग्रीकेशन कर निस्तारण करने में आत्मनिर्भरता हासिल करने की योजना पर काम शुरू कर दिया। पालिका आगामी दिनों में इसके लिए ट्रॉमल मशीन खरीदने जा रही है, ताकि प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े के निस्तारण की व्यवस्था लागू की जा सके।

नगरपालिका परिषद् क्षेत्र के 55 वार्डों से निकलने वाले कूड़े को किदवईनगर के एटूजेड प्लांट पर बनाए डम्प साइट पर डाला जा रहा है। जहां पहले से पुराना कूड़ा पालिका की मुसीबत बना है। ऐसे में रोजाना यहां डम्प हो रहे करीब 300 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण करने से डम्प साइट पर स्थान भी कम पड़ने लगा है। फ्रेश वेस्ट निस्तारण को वर्तमान में पालिका ने ठेका छोड़ा है। इस प्लांट पर 40 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा एकत्र फ्रेश वेस्ट निदान के लिए पालिका को करीब पौने दो करोड़ रुपये खर्च करने पड़े हैं। ठेकेदार फर्म सड़क बनने के इंतजार में है। इसके बाद प्लांट पर फ्रेश वेस्ट का निस्तारण करने को ट्रॉमल मशीन लगाकर कार्य शुरू कर दिया जायेगा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की पहल पर फ्रेश वेस्ट निस्तारण में हो रहे इस खर्च को बचाकर इसमें पालिका को आत्मनिर्भर बनाने की ओर कदम बढ़ाए है। 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से इसके लिए नगर पालिका दो ट्रॉमल मशीन खरीद रही है।

NPP MZN

**इन्होंने कहा-** नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि शहर से प्रतिदिन करीब 234 मीट्रिक टन फ्रेश वेस्ट निकल रहा है। इसका निस्तारण एमआईटूसी कंपनी के माध्यम से एटूजेड प्लांट पर डम्प साइट पर हो रहा है। वहां अब कूड़ा डालने का स्थान कम पड़ने लगा है। ऐसे में छह माह से एकत्र 42120 मीट्रिक टन फ्रेश वेस्ट का प्रसंस्करण, निपटान और निष्पादन करने के लिए पालिका ने आयुषी हाईजीन एंड केयर प्रा.लि. नई दिल्ली को टैंडर दिया है। कंपनी इस फ्रेश वेस्ट के लिए पालिका को 414 प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से 1 करोड़ 74 लाख 37 हजार 680 रुपये का भुगतान करेगी। 15वें वित्त आयोग की धनराशि से 200 टन प्रतिदिन क्षमता वाली दो ट्रॉमल मशीन खरीदने का प्रस्ताव तैयार किया है, इन मशीनों की खरीद पर करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। मशीन खरीद का प्रस्ताव जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति के समक्ष रखा जायेगा। स्वीकृति मिली तो पालिका इन मशीनों को खरीदकर प्लांट पर स्थापित करते हुए अपने कर्मी लगाकर प्रतिदिन फ्रेश वेस्ट का प्रसंस्करण और निस्तारण कराया जायेगा।

## अरविंदर सिंह लवली होंगे सदन में प्रोटेम स्पीकर, 24 से दिल्ली विधानसभा सत्र

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसी)।** भाजपा विधायक और पूर्व दिल्ली विधानसभा नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली सदन के प्रोटेम स्पीकर होंगे। गुप्ता ने गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक के बारे में कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक में इस बात पर चर्चा हुई है कि आगे की कार्यवाही कैसे आगे बढ़ाई जाए। प्रोटेम स्पीकर सदन का एक अस्थायी अध्यक्ष होता है जो सीमित अवधि के लिए और पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव होने तक सदन की कार्यवाही का संचालन करता है। गुप्ता ने बता करते हुए आगे कहा कि नई सरकार नए उत्साह और नए जुनून के साथ सत्ता में आई है। बता दें कि वीजेंद्र गुप्ता को नई सरकार में विधानसभा स्पीकर चुना जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 24 फरवरी को दिल्ली विधानसभा सत्र की शुरूआत होगी और 25 फरवरी को लंबित 14 सीएजी की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाएगा। सदन का पहला सत्र तीन दिन तक (27 फरवरी) चलेगा। सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी।

## महाकुंभ की भीड़ के कारण प्रयागराज में 24 फरवरी की बोर्ड परीक्षा स्थगित

प्रयागराज, 21 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश, माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 24 फरवरी को होने वाले बोर्ड के एग्जाम को लेकर बड़ा फैसला किया है। बोर्ड ने महाकुंभ में भीड़ को देखते हुए प्रयागराज जिले में 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को आगे टाल दिया है। इसी के साथ-साथ बोर्ड ने परीक्षा के लिए नई तारीख की घोषणा भी कर दी है। 24 फरवरी को होने वाली परीक्षा अब 9 मार्च को होगी।

यूपी बोर्ड की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि महाकुंभ स्नान के अंतिम तिथि को देखते हुए जनपद प्रयागराज में 24 फरवरी को होने वाली हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को आगे टालने का अनुरोध किया गया था। इस संबंध में अब प्रयागराज में 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा कार्यक्रम को संशोधित किया जाता है। बोर्ड की ओर से बताया गया है कि प्रयागराज में 24 फरवरी को हाई स्कूल के हिंदी प्रारंभिक और हेल्थ केयर की परीक्षा अब 9 मार्च को होगी। इसी तरह से इंटरमीडिएट के लिए 24 फरवरी को होने वाली सैन्य विज्ञान और सामान्य हिंदी की परीक्षा 9 मार्च को कराई जाएगी। ये दोनों ही परीक्षाओं की टाइमिंग में कोई बदलाव नहीं किया गया है, केवल तारीख आगे बढ़ाई गई है।

प्रयागराज के अलावा बाकी जिलों में बोर्ड परीक्षाएं दिए गए शेड्यूल के हिसाब से कराई जाएंगी। इसके लिए बोर्ड ने खास इंतजाम कर लिए हैं। पूरे प्रदेश में 8,140 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 576 राजकीय और 3,446 अशासकीय सहायता प्राप्त और 4,118 स्ववित्त पोषित स्कूल शामिल हैं। इनमें से 306 परीक्षा केंद्रों को अतिसंवेदनशील और 692 को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जहां से ऑनलाइन सभी केंद्रों पर निगरानी रखी जा सकेगी। हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा की बात करें तो इसमें 27,32,216 छात्र और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 27,05,017 छात्र शामिल होंगे। बोर्ड ने आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए पहले से ही अतिरिक्त रिजर्व सेट्स भी तैयार रखे हैं। इन्हें स्ट्रॉन्ग रूम में रखवा दिया है और परीक्षा केंद्रों पर आंसर शीट्स की अदला-बदली रोकने के लिए भी सख्त कदम उठाए गए हैं।

## प्यार में मिला धोखा, प्रेमी ने जहर खाकर दी जान

**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)।** खतौली के गांव भंगेला निवासी 26 वर्षीय युवक ने प्यार में धोखा खाने के बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उक्त मामला 18 फरवरी की रात का है। खतौली के गांव भंगेला निवासी 26 वर्षीय अमन खतौली में ही किसी कम्प्यूटर की दुकान पर काम करता था। उसके बाद वह दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे का काम करने लगा। इस दौरान इंस्टाग्राम पर उसकी एक युवती से दोस्ती हो गयी। दोस्ती के बाद युवती के कहने पर युवक उस पर पैसे भी खर्च करने लगा। इसी बीच बातचीत करते-करते अमन को पता चला कि वह उसके साथ खेल खेल रही ही। यही बात अमन ने अपने दिल को लगा ली और युवती के प्यार में बेवफाई दिखने पर जहर खा बैठा, जिसकी 18 फरवरी की रात को ही मौत हो गयी। युवक ने मोबाइल में व्हाटसएप पर सुसाइड का मैसेज भी छोड़ा, जिसमें उसने प्रेमिका से धोखा खाने के बाद जहर खाने की बात भी लिखी है। उक्त मामले को लेकर मृतक के पिता रोहताश एसएसपी को प्रार्थना-पत्र देने के लिए आये और अमन का सुसाइड नोट दिखाते हुए उनसे कार्यवाही की मांग की। अमन के पिता ने बताया कि उक्त युवती के साथ-साथ एक अन्य युवक भी इस मामले में शामिल है और इन दोनों ने उसके बेटे के रूपये हड़पने के लिए यह सब नाटक किया है। एसएसपी ने ग्रामीण की पूरी बात सुनने के बाद तत्काल पीड़ित की सुनवाई करते हुए स्थानीय थाने को तुरंत एफआईआर के आदेश कर दिये।

## महरायपुर गांव के उप चुनाव में आरती देवी बनी प्रधान

**छपार, 21 फरवरी (बु.)।** विकास खंड कार्यालय पुरकाजी में हुई मतगणना में आरती त्यागी महरायपुर गांव की प्रधान विजयी रही। पुरकाजी विकास खंड क्षेत्र के छपार थाना क्षेत्र की महरायपुर गांव की प्रधान केलावती का दो नवंबर 24 में निधन हो गया था, जिसके बाद यहां कार्यवाहक प्रधान कविता रही। प्रशासन द्वारा गांव प्रधान का उप-चुनाव कराया गया। 19 फरवरी में गांव में मतदान हुआ, जिसमें तीन प्रत्याशियों का मुकाबला रहा। शुक्रवार में विकास खंड कार्यालय पुरकाजी में प्रधान पद की मतगणना हुई, जिसमे आरती पत्नी हरिओम ने 272 मत प्राप्त किये, जबकि द्वितीय स्थान पद राजबाला पत्नी देवदत्त रही, जिन्हें 217 मत मिले। तृतीय स्थान पर राजेश पत्नी चन्द्रकिरण को 163 मत मिले। आरती देवी को 55 मतों से विजयी रही, जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन व्यवस्था में रहा।



## दिल्ली विधानसभा का सत्र 24 फरवरी से

नयी दिल्ली, 21 फरवरी (वार्ता) दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा जिसमें विधायकों शपथ के साथ ही कैग की रिपोर्ट को भी सदन पेश होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार दिल्ली सरकार ने 24 फरवरी से विधानसभा सत्र बुलाया है। यह सत्र तीन दिनों के लिए 24, 25 और 27 फरवरी का होगा । उल्लेखनीय है कि कैबिनेट की पहली बैठक में सरकार ने एक तरफ आयुष्मान योजना को दिल्ली में लागू करने का निर्णय लिया है तो दूसरी तरफ कैग की लंबित पड़ी 14 रिपोर्ट को भी विधानसभा की पहली बैठक में ही पेश करने की बात कही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कल कहा था, आयुष्मान योजना को हमने न सिर्फ दिल्ली में लागू करने का निर्णय लिया है बल्कि इसके खिलाफ पिछली सरकार ने अदालत में जो याचिकाएं दाखिल की थीं, उन्हें वापस लेने के लिए भी अपनी तरफ से कार्रवाई शुरू कर दी है, ताकि किसी भी प्रकार की अड़चन ना आए।

## कुशीनगर: मदनी मस्जिद के पक्षकार की हार्ट अटैक से मौत

**कुशीनगर, 21 फरवरी (बु.)।** उत्तर प्रदेश में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां कुशीनगर के हाटा नगर के मदनी मस्जिद के मुख्य पक्षकार शाकिर खान की शुक्रवार की सुबह लगभग चार हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। गुरुवार की दोपहर सीने में दर्द होने पर गोरखपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया था। हालात में सुधार न होने पर स्वजन उन्हें लखनऊ के चंदन हास्पिटल ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा था। शाकिर खान पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। बता दें कि हाटा नगर के करमहा तिराहा स्थित यह मस्जिद तब विवादों के घेरे में आइ थी, जब नक्शा के विपरीत निर्माण कराए जाने को लेकर हाटा नगरपालिका परिषद द्वारा मस्जिद का एक हिस्सा बुलडोजर लगा गिरा दिया गया था। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा है। दूसरी ओर मस्जिद के मुख्य पक्षकार के जनाजे में शामिल होने क्षेत्र से लोग जुटे। शांति व्यवस्था को लेकर मस्जिद के आसपास के चौक-चौराहों समेत हाटा नगर में आठ थानों की पुलिस व पीएसी तैनात रही। सीओ कुंदन सिंह, कोतवाली प्रभारी हाटा सुशील शुक्ल आदि मौजूद रहे। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि, एहतियातन पुलिस व पीएसी तैनात की गई है।



## बर्खास्त शिक्षक के मुद्दे पर डीआईओएस तलब

**लखनऊ, 21 फरवरी (एजेंसी)।** शुक्रवार को विधान परिषद में यूपी के रायबरेली में वसी नकवी नेशनल इंटर कॉलेज के एक शिक्षक का मामला गूंजा। शिक्षक को वेतन न दिए जाने का मामला विधान परिषद सदस्य ध्रुव त्रिपाठी ने सदन में उठाया। इस पर सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक को भी तलब कर लिया है। विधान परिषद में एमएलसी ध्रुव त्रिपाठी ने वसी नकवी नेशनल इंटर कॉलेज के शिक्षक प्रदीप कुमार को वेतन न दिए का मामला एक बार फिर विधान परिषद में उठाया। इसके पहले भी वह मामले को कई बार उठा चुके हैं, जिस पर जवाब भी मांगा जा चुका है। अब एक बार फिर शिक्षक के वेतन का मामला विधान परिषद में उठा, तो सभापति ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने यह तक कह दिया कि अधिकारी बहुत अधिक ढीठ हो चुके हैं। इसीलिए सभापति ने 25 फरवरी को माध्यमिक शिक्षा निदेशक और जिला विद्यालय निरीक्षक को तलब किया है। इस बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि सभापति ने क्या टिप्पणी की है, इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। सभापति ने तलब किया है, इस बारे में भी अभी कोई सूचना नहीं मिली है। डीआओएस के मुताबिक, शिक्षक प्रदीप कुमार को विद्यालय प्रबंधक ने जुलाई 2022 में बर्खास्त कर दिया था। ऐसे में वेतन देने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। उसके पहले का शिक्षक का कोई वेतन बकाया नहीं है।

# संभल हिंसा का दुबई कनेक्शन; शारिक साठा ने रची थी पूरी साजिश, 4025 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

**संभल, 21 फरवरी (एजेंसी)।** शाही जामा मस्जिद के सर्वे के 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा की साजिश को लीड करने वाले विदेश में बैठे शारिक साठा पर पुलिस अब एक्शन लेने की तैयारी में है। पुलिस अब तक शारिक साठा गैंग के कई सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी है। उपद्रवियों को विदेशी हथियार उपलब्ध कराने वाले गुलाम को भी पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि चार लोगों की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी मुल्ला अफरोज और वारिस को भी सलाखों के पीछे भेज चुकी है। पुख्ता सबूत होने पर ही कार्रवाई की जाएगी। कृष्ण कुमार विश्नोई ने शुक्रवार को संभल हिंसा को मीडिया से बातचीत करते हुए चौंकाने वाला खुलासा किए। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर को संभल में हुई हिंसा में 12 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसमें 6 आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं, जिसमें 36 आरोपी नामजद थे, इसके अलावा 123 आरोपी विवेचना में प्रकाश में आए कुल 159 आरोपी हैं, जिसमे 80 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि 79 आरोपियों की गिरफ्तारी शेष है। 4025 पन्नों की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर चुकी है। किसी के खिलाफ पुख्ता सबूत होने पर ही कार्रवाई की जाएगी। निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी। शारिक साठा के खिलाफ कार्रवाई होगी। एसपी ने बताया कि संभल हिंसा में शामिल लोगों के पास से पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के 9 एमएम के कारतूस के अलावा काफी भारी मात्रा में असलहे बरामद किए गए थे। पुलिस ने बताया कि गुलाम की गिरफ्तारी के बाद शारिक साठा के खिलाफ 48 बीएनएस के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं शारिक साठा की पत्नी के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले हैं। शारिक साठा के पॉलिटिकल कनेक्शन पर एसपी ने कहा कि शारिक साठा जब भारत में था, तब तत्कालीन सांसद थे, तब उनके कहे अनुसार सुहैल इकबाल पर गुलाम ने फायरिंग की थी। उस मामले में 31 मार्च 2014 में संभल कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन इसके अलावा कोई बात सामने नहीं आई। उन्होंने कहा कि जल्द ही बैलेस्टिक रिपोर्ट आ जाएगी, इसके बाद बाकी की चार्जशीट जल्द ही दाखिल कर दी जाएगी।

## युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का हुआ तलाक

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा का अब तलाक हो गया है। अलग होने की कानूनी कार्यवाही पूरी करने के बाद यह दोनों आधिकारिक तौर पर अलग हो गए हैं। एक वकील के अनुसार, अंतिम सुनवाई और सभी आवश्यक औपचारिकताएं गुरुवार को बांद्रा फैमिली कोर्ट में हुईं, जिसमें दोनों सुबह 11:00 बजे से उपस्थित थे। अब ये रिश्ता आखिरकार आधिकारिक तौर पर खत्म हो चुका है।



सुनवाई के दौरान जज ने इस कपल को परामर्श सेशन में भाग लेने का निर्देश दिया, जो लगभग 45 मिनट तक चला। जज द्वारा पूछे जाने पर चहल और धनश्री दोनों ने पुष्टि की कि वे आपसी सहमति से तलाक मांग रहे हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अंतिम निर्णय लेने से पहले वे पिछले 18 महीनों से अलग रह रहे थे। जब उनसे अलग होने के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने प्राथमिक कारण के रूप में 'संगतता मुद्दों' का हवाला दिया। चर्चा के बाद, न्यायाधीश ने आधिकारिक तौर पर तलाक को मंजूरी दे दी और घोषणा की कि चहल और धनश्री अब कानूनी रूप से पति-पत्नी नहीं हैं। अंतिम फैसला शाम 4:30 बजे बांद्रा फैमिली कोर्ट में सुनाया गया। सुनवाई के दौरान जज ने इस कपल को परामर्श सेशन में भाग लेने का निर्देश दिया, जो लगभग 45 मिनट तक चला। जज द्वारा पूछे जाने पर चहल और धनश्री दोनों ने पुष्टि की कि वे आपसी सहमति से तलाक मांग रहे हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अंतिम निर्णय लेने से पहले वे पिछले 18 महीनों से अलग रह रहे थे। जब उनसे अलग होने के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने प्राथमिक कारण के रूप में 'संगतता मुद्दों' का हवाला दिया। चर्चा के बाद, न्यायाधीश ने आधिकारिक तौर पर तलाक को मंजूरी दे दी और घोषणा की कि चहल और धनश्री अब कानूनी रूप से पति-पत्नी नहीं हैं। अंतिम फैसला शाम 4:30 बजे बांद्रा फैमिली कोर्ट में सुनाया गया।

## शोले के वीरू की तरह पानी की टंकी पर चढ़ गया युवक



**मुजफ्फरनगर, 21 फरवरी (बु.)।** दिन निकलते ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें शोले के वीरू की तरह एक युवक नई मंडी स्थित नवीन मंडी स्थल की पानी की टंकी पर चढ़ा दिखा। पहले युवक को सिरफिरा बताया गया, मगर बाद में धीरे-धीरे उसे बातचीत में उलाकर जब नीचे उतारा गया तो युवक ने शराब पी रखी थी। युवक से जब उसके नाम इत्यादि की पूछताछ की गयी तो शराब के नशे में धुत्त युवक ठीक से अपना नाम भी नहीं बता पाया, जिसे पुलिस ने पानी की टंकी से नीचे उतारने के बाद चलता कर दिया।

# सीएम रेखा गुप्ता ने की आतिशी सरकार के सभी निजी स्टाफ की छुट्टी

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली की सत्ता संभालने के बाद नई सीएम रेखा गुप्ता एक्शन में हैं। उन्होंने आतिशी सरकार के सभी निजी स्टाफ की सेवाएं खत्म कर दीं। पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के सभी व्यक्तिगत स्टाफ को नौकरी से हटा दिया। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की सरकार ने जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को दूसरे विभागों में नियुक्त किया था। उनको तुरंत अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है।



कई सारे अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर दूसरे बोर्ड कॉरपोरेशन में भेजा गया था। सप्ताह भर पहले सभी विभागों से पूर्व सरकार की ओर से कंट्रैक्ट और व्यक्तिगत स्टाफ की जानकारी मांगी गई थी। उनको मूल विभाग में लौटने को कहा गया है। हाल ही में दिल्ली के मुख्य सचिव ने इसको लेकर एक नोटिस जारी किया था। इसमें जितने भी नॉन ऑफिशियल स्टाफ है उनकी लिस्ट मांगी गई थी। केजरीवाल सरकार में अलग-अलग विभागों में कई तरह के नॉन ऑफिसियल स्टाफ की नियुक्ति हुई थी। दिल्ली में 27 साल बाद इखढ की सत्ता में वापसी हुई है। कल यानी गुरुवार को नई सरकार का शपथग्रहण समारोह था। रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। रेखा दिल्ली की चौथी महिला सीएम बनी। इससे पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी ने दिल्ली की सत्ता संभाली थी। रेखा गुप्ता के साथ छह मंत्रियों परवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्राज और पंकज सिंह ने भी शपथ ली। शाम में दिल्ली कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें दो बड़े फैसले लिए गए। रेखा सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट मीटिंग में आयुष्मान योजना को लागू करने का फैसला लिया। इसके साथ ही CAG की 14 रिपोर्ट को दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में सदन में रखा जाएगा।

# सालों तक निगरानी के बाद एक करोड़ की ड्रग्स के साथ दबोची गयी लेडी डॉन जोया खान

- दिल्ली के वेलकम इलाके से किया गया गिरफ्तार
- मुजफ्फरनगर से मंगवाकर भारी मात्रा में हेरोइन को करना था आगे सप्लाई

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (वार्ता)।** दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर हाशिम बाबा की तीसरी बीवी जोया खान को एक करोड रूपये कीमत की 270 ग्राम ड्रग्स के साथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस ने जोया खान को बीस फरवरी को ही गिरफ्तार कर लिया था और जोया को मुजफ्फरनगर से हेरोईन मंगाकर आगे सप्लाई करनी थी। और जोया खान लम्बे समय से पुलिस के रडार पर थी। 35 साल की जोया खान को अपने पति के गैंग को संभालने उसे कानून से बचाने में माहिर माना जाता है। पुलिस को लम्बे समय से शक था, लेकिन पुलिस के पास उसके अपराधों के पुख्ता सुबूत नहीं थे, मगर अब पुलिस ने उसे एक करोड़ की हेरोइन के साथ दबोचकर यह साबित कर दिया है कि जोया खान आपराधिक मामलों में संलिप्त है।



### गैंगस्टर हाशिम बाबा की तीसरी पत्नी है जोया

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (वार्ता)।** दिल्ली पुलिस में गैंगस्टर के आरोपी हाशिम बाबा जोया खान तीसरी पत्नी है। हाशिम के साथ 2017 में उसकी शादी हुई। जोया का भी यह दूसरा विवाह है। जोया ने 2014 में पहली शादी के बाद तलाक ले लिया था। जोया और हाशिम लम्बे समय से नार्थ दिल्ली में रहने लगे थे, वहीं से इनका प्रेम प्रसंग शुरू हुआ और बाद में शादी हो गयी।

### हाशिम बाबा और जोया का लारेंस विश्नोई से भी कनेक्शन

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (वार्ता)।** हाशिम का नाम नादिरशाह मर्डर केस में पहले से ही शामिल था, क्योंकि उसने मर्डर के बाद ही हाथोहाथ जेल में ही पुलिस के सामने खुलकर बता दिया था कि वह नादिरशाह के मर्डर में शामिल है और वें गैंगस्टर लारेंस विश्नोई के सम्पर्क में भी रहा है।

## ड्रग्स मामले में पकड़ा गया इंदिरा गांधी के हत्यारे का भतीजा, न्यूजीलैंड में मिली 22 साल की सजा

**नई दिल्ली, 21 फरवरी (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे सतवंत सिंह के भतीजे बलतेज सिंह को न्यूजीलैंड में एक बड़े ड्रग मामले में दोषी ठहराया गया है। ऑकलैंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार (21 फरवरी 2025) को 700 किलोग्राम मेथाम्फेटामाइन नामक सिंथेटिक ड्रग रखने के जुर्म में बलतेज सिंह को 22 साल जेल की सजा सुनाई है। ऑकलैंड पुलिस ने साल 2023 में बलतेज सिंह को एक छोटे गोदाम में छापा मारकर गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें बीयर के कई कैन मिले थे, जिनमें कथित तौर पर मेथम्फेटामाइन मिला हुआ था। ऑकलैंड पुलिस ने 21 वर्षीय आइडेल सगला की मौत के बाद इस जगह पर छापा मारा था। यह बताया जा रहा है कि उसे बीयर के रूप में मेथ देकर मार दिया गया था। इस हत्या के मामले में हिमतजीत सिंह को दोषी ठहराया गया था। उसने कोर्ट में दावा किया कि उसका बिजनसमैन दोस्त बलतेज ने उसे धोखा दिया था। उसने बताया कि बलतेज मेथ के आयात में संलिप्त था। न्यूजीलैंड के अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर दोषी की पहचान का खुलासा नहीं किया है, लेकिन सूत्रों ने पुष्टि की है कि 22 साल की जेल की सजा पाने वाले व्यक्ति का नाम बलतेज सिंह है। सागाला की मौत के सिलसिले में उस पर कोई आरोप नहीं लगाया गया था, लेकिन जब तक वह कम से कम दस साल की सजा नहीं काट लेता, तब तक उसे पैरोल नहीं मिल सकती। बलतेज, सरवन सिंह अगवान के पुत्र हैं, जो सतवंत सिंह के भाई हैं। सतवंत सिंह उन सिख अंगरक्षकों में से एक था, जिन्होंने 31 अक्टूबर 1984 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके आवास पर हत्या कर दी थी। बलतेज का परिवार 1980 के दशक में न्यूजीलैंड चला गया था और ऑकलैंड में एक छोटी सी किराने की दुकान खोली थी। वह आखिरी बार दिसंबर 2019 में भारत आए थे, और करीब ढाई महीने तक रहे थे।